22 may 2022:Layout 1 7/5/2022 1:40 AM Page 1

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 267 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 5 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

## डाटा में फजीवाड़ा पर गंभीर हुई डीएम, स्वास्थ्य की समीक्षा बैठक में पकड़ी खामियां।

समाज जागरण बिहार हेड(राजेंद्र कुमार पांडेय)

नवादाःस्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम उदिता सिंह ने डाटा में हेराफेरी को पकड़ ली। डाटा के फजीवाड़ा पर डीएम गंभीर हुई और सुधार करने की नसीहत दे डाली। सोमवार को समाहरणालय




सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई थी। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का प्रोग्राम ,एसएनसीयू, परिवार कल्याण कार्यक्रम, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आदि की विस्तृत समीक्षा हुई। एएनसी की समीक्षा में पाया गया कि जिले का एचीवमेंट 99 प्रतिशत है, जबकि प्रथम एएनसी 87 प्रतिशत और चैथा एएनसी 85 प्रतिसत है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह आंकड़ा गलत पेश किया गया है। उन्होंने नसीहत दी है कि डाटा सही ढ़ंग से संधारण करें और सभी एमओआईसी सही ढ़ंग से काम भी करें। डीएम ने संस्थागत प्रसव के लिए आशा और एएनएम को विशेष रूप से प्रशिक्षित करने को कहा। कहा कि प्रखंडों और पंचायतों के सभी गर्भवती महिलाओं का डाटा एमओआईसी स्वयं वेरिफाई करें। शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की मेडिकल जांच करने और आवश्यकतानुसार दवाई भी ससमय देने का निर्देश दिया गया।

प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार और शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं की जांच होती और सभी प्रकार की दवाएं यथा आयरन, कैल्शियम गोली निःशुल्क प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी प्रतिनियुक्त डॉक्टर पंचायतों में जाकर गर्भवती महिलाओं का सही-सही डाटा प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। संस्थागत प्रसव की समीक्षा की दौरान शत प्रशिात प्रसव संस्थागत कराना सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश एमओआईसी, सिविल सर्जन को दिए। पाया गया कि अभी जिले में मात्र 33 प्रतिशत संस्थागत प्रसव किया जा रहा है जो अत्यंत ही न्यूनतम है। कौआकोल में सर्वाधिक 42 प्रतिशत और सबसे कम अकबरपुर में 18 प्रतिशत प्रसव कार्य कराया गया है। शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने के लिए जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक गर्भवती महिला को 1400 रुपये देने और बच्चों का जन्म के बाद सभी प्रकार का टीकाकरण करने, बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र भी यथाशीघ्र माता को सुलभ कराने को कहा। प्रत्येक आशा को संस्थागत प्रसव कराने का अलग से निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिये कि प्रसव कक्ष को बेहतर बनायें और सरकार के द्वारा निर्धारित सभी प्रकार की सुविधा ससमय देना सुनिश्चित करें। प्राईवेट क्लिनिक की जांच के लिए सिविल सर्जन, एसडीओ और एसडीपीओ का कमिटी बना हुआ है। अवैध नर्सिंग होम पर औचक छापामारी करने का निर्देश दिया गया। जन्म के समय जिले का सेक्स रेशियो 93 प्रतिशत है। सर्वाधिक मेसकौर का 120 प्रतिशत और सबसे कम 71 प्रतिशत नरहट का है। अल्ट्रासाउन्ड सेंटरों पर औचक छापामारी करने से सेक्स रेशियो में बृद्धि हो रही है। बच्चों का टीकाकरण में पाया गया कि पोलियो 40 प्रतिशत, हेपेटाईटिस बी 36 प्रतिशत, बीसीजी 76 प्रतिशत किया गया है। बच्चों का टीकाकरण 97 प्रतिशत हुआ है, जिसमें सर्वाधिक हिसुआ 146 प्रतिशत और सबसे कम काशीचक 78 प्रतिशत बच्चों को टीकाकृत किया गया।

## आर्थिक रूप से निर्बल वर्ग के लोगों के घर के सपनों को साकार करता पूर्वी रियल एस्टेट ग्रुप

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना सबको आवासीय योजना से प्रेरित होकर पूर्वी रियल एस्टेट ग्रुप ने आर्थिक रूप से निर्बल वर्ग के लोगों के घर के सपनों के हितार्थ वृंदावन "गोकुल




धाम"में लक्की ड्रा के माध्यम से प्लॉट/घर का संकल्प पूरा कर रहा है।शाह आडोटोरियम में पूर्वी रियल एस्टेट ग्रुप के निदेशक रवि शर्मा ने प्लाट/घरों के स्वामियों को एक शानदार समारोह के माध्यम से अधिकार पत्र सौंपा। समारोह का आगाज गणेश वंदना व राधा कृष्ण की शानदार झांकियों व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ तो वहीं मंच का बखूबी संचालन प्रसिद्ध एंकर संतोष टंडन व काव्यांशी ने किया।इस समारोह में अशोक शर्मा, बृजमोहन शर्मा, सोमदत्त,आर के मंडल, एडवोकेट बबीता, जागेश्वर,सिम्मी कटपाल राकेश जोशी, शेखर चौधरी, हरिकेश, अनामिका, मनीषा,असलम, जितेंद्र,माही, सुरेंद्र गुप्ता, संजय, प्रीति व पूर्वी रियल ग्रुप कंपनी के सभी सदस्यों ने भी शिरकत की। पूर्वी रियल एस्टेट ग्रुप के निदेशक रवि शर्मा ने हमें बताया कि धार्मिक नगरी व प्राकृतिक वातावरण में बसने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।आसान किश्तों पर लगभग 200 लोगों का सपना साकार करने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ है। हमारी कंपनी का बीस बर्षों से शानदार ट्रेक रहा है।इस अवसर पर सभी मेहमानों को सम्मान से नवाजा गया व रात्रि भोज का आयोजन भी किया गया।प्रोजेक्ट लांचिंग समारोह के अंत में, रवि शर्मा और संतोष टंडन ने सभी आगंतुकों का शुक्रिया अदा किया।

## अलीगढ़ डीएम ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने आज ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया।इस दौरान एडीएम सिटी राकेश कुमार पटेल,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# RBI का सख्त कदम, इन 2 बड़े बैंकों पर ठोका करोड़ों का जुमार्ना

**आरबीआई ने नि यमों का पालन करने में कोताही बरतने पर दो बड़े बैंक कोटक महिंद्रा बैंक और इंडसइंड बैंक पर एक-एक करोड़ का जुमार्ना लगाया है. इसके अलावा आरबीआई की तरफ से चार सहकारी बैंकों पर भी जुमार्ना लगाया गया है.**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से देश के दो बड़े बैंकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है. आरबीआई की तरफ से सोमवार को कहा गया कि नियामकीय अनुपालन में कोताही बरतने पर कोटक महिंद्रा बैंक और इंडसइंड बैंक पर करीब एक-एक करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है.

### प्रावधानों का पालन नहीं करने पर लगा जुमार्ना

आरबीआई ने इसके अलावा चार सहकारी बैंकों पर भी जुमार्ना लगाने का फैसला किया है. रिजर्व बैंक ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक पर 1.05 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है. यह जुमार्ना 'जमाकर्ता शिक्षण एवं जागरूकता कोष योजना, 2014' के कुछ मानकों के उल्लंघन और अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक




बैंकिंग लेनदेन में उपभोक्ता संरक्षण एवं ऋण एवं अग्रिम संबंधी प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर लगा है.

### चार सहकारी बैंकों पर भी लगाना जुमार्ना

वहीं इंडसइंड बैंक पर सेबी ने एक करोड़ रुपये का जुमार्ना 'अपने ग्राहक को जानो' मानकों का पालन नहीं करने पर लगाया है. इसके अलावा आरबीआई ने सहकारी क्षेत्र के चार बैंकों- नवजीवन कोऑपरेटिव बैंक, बलंगीर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, ढाकुरिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड कोलकाता और पलानी कोऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड पर भी जुमार्ना लगाया है.

इन सभी सहकारी बैंकों पर एक लाख से लेकर दो लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया गया है. हालांकि, रिजर्व बैंक ने कहा कि जुमार्ना लगाने का फैसला नियामकीय अनुपालन में हुई गड़बड़ियों पर आधारित हैं और यह बैंकों के अपने ग्राहकों के साथ समझौते या किसी भी लेनदेन की वैधता पर सवाल नहीं खड़ा करते हैं.

## यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर एडीएम सिटी ने एसपी सिटी के साथ बैठक कर दिए महत्वपूर्ण निर्देश।

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो

अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह के



निर्देश पर एडीएम सिटी राकेश पटेल ने एसपी सिटी के साथ यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा को नकल विहीन, शुचिता व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिएकलक्ट्रेट के नवीन सभागार में बैठक करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## आदतन भ्रष्टाचारियों के लिए ट्रांसफर से ज्यादा वीआरएस जरूरी: अनिल के गर्ग

रमन झा समाज जागरण

उत्तर प्रदेश के आर्थिक राजधानी और भारत के स्मार्ट सिटी नोएडा आज कल ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर काफी गहमागहमी में है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा नोएडा के प्राधिकरण के बारे में किए गए टिप्पणी के बाद से ही विशेषज्ञ ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर सवाल उठा रहे थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात जनरल श्रीमती मैनेजर मीणा भार्गव मीडिया के लिए एक जीता जागता उदाहरण बना हुआ है आज भी। शासन से अनुमति के बाद भी उनका ट्रांसफर नहीं होना।

आपको बताते चलें कि इस समय में नोएडा प्राधिकरण में जबरदस्त उथल-पुथल और असमंजस की स्थिति है। किसी भी समय में ट्रांसफर के पत्र मिल सकते है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राधिकरण के सीईओ भी बदले जाने की संभावना है। हाल ही में 15 कर्मचारी और अफसरों की ट्रांसफर के बाद यह बात और साफ हुआ है कि ट्रांसफर एक्सप्रेस अब नोएडा और ग्रेटर नोएडा पहुंच चुकी है। कुल मिलाकर तीनों प्राधिकरण में बंपर तबादले का दौर है। लखनऊ से आए इस एक्सप्रेस को लेकर जहाँ आम जनता में



कुछ उम्मीद जगी है वही कुछ लोगों का कहना है कि इससे विकास कार्यों पर असर पड़ेगा। नोएडा के वरिष्ठ नागरिक व अधिवक्ता श्री अनिल के गर्ग ने एक तरह जहां ट्रांसफर पॉलिसी को सही ठहराया है वही दूसरी तरफ उन्होने कहा है कि ट्रांसफर की जो भी पॉलिसी है सरकार अगर उस पर काम कर रही है तो निश्चित तौर पर स्वागत योग्य कदम है, लेकिन सरकार को इस पॉलिसी के साथ साथ वीआरएस और छटनी की पॉलिसी भी चलानी चाहिए। क्योंकि सिर्फ ट्रांसफर करना "भ्रष्टाचार मुक्त भारत" बनाने के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जो लोग आदतन भ्रष्ट है उनके लिए वीआरएस लाया जाय। क्योंकि आपने अगर सिर्फ इनका ट्रांसफर किया तो ये लोग जहाँ जायेंगे वहाँ भी भ्रष्टाचार करेंगे। हमें मेडिकल साइंसेस के तर्ज पर काम करना होगा। जिस प्रकार से मेडिकल साइंस में कट और कील किया जाता है ऐसे ही हमें सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार को कट और कील करके निकालना होगा। पिछले 20-25 सालों से जड़ जमाए बैठे लोगों ने जो जनता के धन लूटा है। भ्रष्टाचारियों से संपत्ति घोषणा शपथ पत्र लेने की आवश्यकता है। माननीय न्यायालय के अनुपालन में जो सीएजी ऑडिट कराये गए है उन पर भी उचित कार्यवाही होनी चाहिए लेकिन मामले में सरकार ने चुप्पी साध रखी है । लाखों करोड़ की भूमि आवंटन घोटाला जो मामला 2011 में माननीय उच्च न्यायालय के संज्ञान में पहुँचा और न्यायालय के द्वारा मुख्य सचिव के स्तर के अधिकारी से जांच कराने के लिए सरकार को निर्देशित किया गया । लेकिन पिछले तीन सराकरी में इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। अब सिर्फ ट्रांसफर किए जा रहे है।

## 17 साल के शौर्य ने ब्लड डोनेट कर प्रसव पीड़िता की बचाई जान

समाज जागरण नवादा ब्यूरो ( धर्म जीत सिन्हा)

नवादाः17 साल के शौर्य प्रताप ने सोमवार को रक्त दान कर एक प्रसव पीड़िता की जान बचाई है। शौर्य छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान के सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू के पुत्र हैं। पिता के नक्शे कदम पर चलकर उन्होंने मानवता की सेवा की।बताया गया कि कादिरगंज ओपी क्षेत्र के मांगुरा गांव निवासी सुग्रीव चौहान की पत्नी संजना देवी को ऑपरेशन के लिए बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी। सुग्रीव का खुद का वजन मात्र 45 किलो ही था, जिसकी वजह से वह ब्लड दे नहीं सकते थे। ऐसे में वे परेशान हो गए। प्रसूता वार्ड से महिला को रेफर किया जा रहा था। संजना की हालत नाजुक बनी हुई थी। हिमोग्लोबिन मात्र 8 ग्राम था। ऑपरेशन के लिए 9 से 10 ग्राम होना आवश्यक था। डॉक्टर ऑपरेशन में असमर्थता जता रहे थे। तब प्रसूता वार्ड में मरीज के परिजनों को किसी ने शिवाजी संस्थान के सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू का मोबाइल नंबर दिया। महिला के पति सुग्रीव चौहान ने उक्त नंबर पर जीतू से संपर्क साधा। जिसके बाद जीतू सक्रिय हुए और मरीज के लिए जरूरी बी पॉजिटिव ब्लड की तलाश शुरू की। जब कोई व्यक्ति समय पर उपलब्ध नहीं हुए तो शौर्य खुद सामने



आकर ब्लड डोनेट करने की इच्छा जताई। जिसके बाद सदर अस्पताल पहुंचकर उसने ब्लड डोनेट किया। बता दें कि छत्रपति शिवाजी संस्थान के बैनर तले श्री जितुऔर उनके कई सहयोगी बराबर ब्लड डोनेशन से लैकर अस्पताल में मरीजों की सेवा -सहायता करते रहते हैं। कोविड काल मे भी पीड़ितों की सेवा में आगे रहे थे। शौर्य के इस साहसिक प्रयास की सराहना हो रही है।

शौर्य प्रताप मॉडलिंग को अपना कॅरियर बना रहे हैं। हाल ही में राजस्थान में बेहतर प्रदर्शन कर लौटे हैं। अब कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी में हैं। शौर्य कहते हैं कि रक्त दान जीवन दान है। हर युवाओं को इस कार्य आगे आना चाहिए।

## जहानाबाद : जिलाधिकारी मद्य-निषेध विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए कई जरुरी निर्देश

समाज जागरण
जहानाबाद से बरुण कुमार

जहानाबाद : जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में मद्य-निषेध की समीक्षा संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विदेशी शराब की छापेमारी पर असंतोष व्यक्त किया एवं निर्देश दिया कि विदेशी शराब की छापेमारी में तेजी लाना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में बताया गया कि पुलिस विभाग द्वारा 263 वाहनों को जप्त किया गया है। जिसके आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त वाहनों की विस्तृत विवरणी सहित सूची प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि राज्यसात्करण की अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।



इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा को पकड़े गए वाहनों तथा जप्त भवन परिसर की अद्यतन संख्या, राज्यसात्करण हेतु प्रस्ताव, राज्यसात्करण प्रक्रिया पूर्ण कर लेने वाले मामलें की संख्या, विमुक्त मामलें तथा लंबित मामलें की विस्तृत अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

साथ ही यह भी निर्देश दिया कि शराब के मामले में जप्त किए गए वैसे वाहन जो अभी तक नीलामी हेतु लंबित है। उसमें आम सूचना निकालना सुनिश्चित करेंगे। शराब के मामलों में वैसे परिसर जिनका राज्यसात्करण किया जाना है। उनका मूल्यांकन कर आम सूचना निकालना सुनिश्चित करेंगे। शराब के मामलें में दोबारा संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों को आवश्यक रूप से चिन्हित करने हेतु निदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण चौक चौराहों पर ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराने तथा वाहनों का सघन जांच कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्देश दिया गया कि सूचना संग्रहित कर सघन छापामारी करना सुनिश्चित करेंगे ताकि बड़े शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसा जा सके।

## मानसून की दस्तक से किसानों के चेहरे खिले कृषि कार्यों ने पकड़ी तेजी

*मानसून की दस्तक से औरंगाबाद क्षेत्रीय किसानों के चेहरे खिले धान रोपाई तेजी पर*

समाज जागरण लखीमपुर/प्रभाकर गीता त्रिपाठी

लखीमपुर खीरी -- जिला लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत आने वाले औरंगाबाद क्षेत्रीय किसानों के चेहरे खिल उठे मौसम मानसून की दस्तक दे चुका है जिससे कृषि कार्यों ने तेजी पकड़ ली है दो दिन पूर्व हुई बारिश ने धान की रोपाई की राह देख रहे किसानों को राहत दे दी है बड़े बुजुर्गो ने कहावत कही है की आषाढ़ में किसान चूक गया तो खेती बाड़ी सुधारना मुश्किल है खेती की नजरिया से देखा जाए तो यह महीना अन्नदाताओ के आशा से भरा



रहता है यही समय होता है धान की रोपाई के अलावा अन्य खेती का भी कार्य किया जाता है फिलहाल इन्द्रदेव किसानों पर महेरबान है किसान बारिश का इन्तजार कर रहे थे जो अब खत्म हुआ मानसून ने दस्तक दे दी है और किसान के चेहरे खुशनुमा कर दिया बारिश की दस्तक से किसानों ने धान की रोपाई करना जोरों पर शुरू कर दी है चारों तरफ पानी ही पानी दिख रहा इस बरसात से धरती की प्यास नहीं बुझ पाई है लेकिन लगता है अब इन्द्र देव प्रसन्न ही रहेंगे और समय समय पर वर्षा कराते रहेंगे।

### राधा कृष्ण मंदिर में रामचरित मानस पाठ के साथ भण्डारे का आयोजन

## रामचरित मानस पाठ का समापन और हवन बिन्द्र प्रसाद (पुजारी) ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया

समाज जागरण लखीमपुर/प्रभाकर गीता त्रिपाठी

बम्हनपुर खीरी_ तहसील निघासन के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बौलिया कलां में राधा कृष्ण मंदिर में रामचरित अखण्ड पाठ का आयोजन हुआ जिसमें मन्दिर के पुजारी यजमान बुधई उर्फ नरेंद्र यादव ने अपने गुरु बिन्द्रा प्रसाद (पुजारी)कारीकोट मन्दिर के द्वारा पूजन, हवन कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया उन्होंने बताया कि मनुष्य को प्रति दिन पूजन करना चाहिए अपने इष्ट देव को दिन में एक



बार जरूर याद करना चाहिए क्यों कि जिन्होंने हमें यह शरीर दिया है उन्हें चौबीस घंटे में एक बार जरूर याद करना चाहिए कार्यक्रम के समापन में इसी क्रम में पिछले वर्ष ग्राम प्रधान सैय्यद मकसूद उर्फ गुड्डू भैया द्वारा मन्दिर जीर्णोद्धार कराया था जिसकी झलक अब हर वर्ष देखने को मिल रही है इस मौके पर अनेक ग्रामवासी राममूर्ति यादव,राम किशुन यादव, भगौती प्रसाद यादव, रामनिवास,मेला लाल, नरेंद्र, राजकुमार,जयपाल यादव, सहित अनेक व्यक्ति सीता देवी, मीना, गायत्री देवी, अर्चना शर्मा, कल्पना वर्मा, सरिता देवी,काजल, आदि अनेक कन्याओं को कन्या भोज भी कराया गया जिसके बाद ब्रम्हभोज सर्वभोज भण्डारे के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

## एलएलबी के छात्रों की अगुवाई कर रहे दो छात्रनेता पुलिस हिरासत में

राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो दैनिक समाज जागरण

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एक सप्ताह से जारी एलएलबी के छात्रों के आन्दोलन पर अब पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। छात्र आन्दोलन की अगुवाई कर रहे दो छात्र नेताओं को पुलिस ने सोमवार की सुबह पांच बजे हॉस्टल से गिरफ़्तार कर लिया है। इनमें सत्यम कुशवाहा और आदर्श भदौरिया है। हिरासत में लेकर उन्हें पुलिस की निगरानी में रखा गया है।



दूसरी ओर आन्दोलन के तहत धरनास्थल पर चार-पांच छात्र आमरण अनशन पर बैठे हुए है। उनके समर्थन में छात्र परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पहुंच रहे है। छात्रों के आन्दोलन को देखते हुए विश्वविद्यालय में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं दूसरी ओर इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन एलएलबी की परीक्षा सात जुलाई से ही कराने की तैयारी में जुटा हुआ है। वह छात्रों की मांगों को नजरअंदाज कर रहा है। इससे विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्र आमने सामने आ गये हैं। हालांकि छात्रों को समझाने का विश्वविद्यालय प्रशासन काफी कोशिश कर चुका है।

## साधना पथ (भाग 186)


देव मणि शुक्ल

साधकों - प्रत्येक मनुष्य जीवन मे सुख शान्ति चाहता है , लेकिन यह बहुत ही कम लोगो को मिल पाता हैं इसके कारणों पर हम यदि विचार करें तो बहुत हद तक इस समस्या को हल भी कर सकते हैं ।

साधकों , दूसरों से बढी चढी आशा व अपेक्षायें दुःख का बडा. कारण बनती हैं जब कोई अपनी आशा के अनुरुप कार्य नही करता तो एक झटका जैसा लगता है और मोहभंग की स्थित आ जाती है और चित्त विक्षुब्ध हो जाता हैं इसलिये प्रथम तो हमे किसी से अत्यधिक आशा अपेक्षा नही रखनी चाहिये ।

हम जल्दबाजी मे या जीवन के उथले प्रवाह मे या अनुभवहीनता के कारण किसी व्यक्ति का सम्यक मूल्यांकन नही कर पाते , हम या तो उसे देवता मान बैठते है और उसकी पूजा करते हैं या सीधा शैतान मानकर उसके साथ परित्यक्त सा व्यवहार करते है ।जबकि देखा जाय तो प्रत्येक मनुष्य अच्छाइयों एवं बुराइयों का एक मिश्रण होता हैं । सबकी अपनी विशेषतायें होती है और मानवीय सीमायें भी । यह सोच हमे व्यक्ति से अनावश्यक आशा -अपेक्षा से बचाती हैं और आगे चलकर दुखी होने से रोकती हैं । इंन्द्रिय सुखो मे जीवन की प्रसन्नता को खोजना भी दुःख का एक बडा कारण हैं । इन्द्रियो के विषय सुख तो एक ऐसी आग की तरह होते हैं इसमें जितना ईंधन डालते जाओ , वह उतना ही अधिक धधकती जाती हैं और कभी शान्त नही होती ।इसमे अपना सारा तन , मन , प्राण , इमान , धर्म और जीवन को भी स्वाहा कर दिया जाय तो भी यह तृप्त होने वाली नही हैं । अन्त मे बचता है जर्जर - रोगी शरीर , कुसंस्कारी बिगडा. मन , विक्षुब्ध चित्त और भारी पश्चाताप ।

साधकों , अगर इससे बचना हैं तो हमे संयम एवं सदाचरण युक्त जीवन जीना पडेगा ।एक अनु-शासित एवं संतुलित दिनचर्या का अनुसरण करना पडेगा तभी एक स्वस्थ निरोगी एवं सुखी जीवन जिया जा सकता हैं ।

# युद्ध से हासिल हुई बबार्दी ' रूस जीतकर भी हारा ।

युद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। रूस और यूक्रेन युद्ध कि 100 दिनों से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है' रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है' रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 4 माह से ज्यादा के युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है' यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 बाजार सैनिक युद्ध में मारे गए है ।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं।

रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बबार्दी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है' मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं। यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमे-रका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है

यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया है। रूस के इस यूक्रेन पर आक्रमण से भारत की चिंता अपने 20 हजार नौजवान छात्रों को जो युक्रेन में अध्ययन कर रहे थे। अब वहां फंसे हुए हैं, उन्हें बचाने की भी है। यूक्रेन तथा रूस के बीच शांति स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मध्य रात्रि के बीच लगभग 40 मिनट बात कर शांति स्थापना के अपील भी की है एवं नागरिकों को वहां से निकालने की चिंता से भी अवगत कराया है। निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है । यह तो तय है कि रूस और यूक्रेन के बीच यदि युद्ध में कोई भी विदेशी ताकत हस्तक्षेप करती है, तो विश्व युद्ध की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए किसी भी देश के आने पर भयानक परिणाम होने की चेतावनी भी दे डाली है। यूक्रेन को इस आफत में फंसाने एवं उसे रूस के विरुद्ध उकसाने के लिए अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देशों की भूमिका सदैव संदिग्ध ही रही है।


संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

## 5 जुलाई/जन्म-दिवस
## कर्मठ कार्यकर्ता रामदौर सिंह

पहले संघ और फिर भारतीय मजदूर संघ में कार्यरत वरिष्ठ प्रचारक श्री रामदौर सिंह का जन्म पांच जुलाई, 1941 को ग्राम अन्नापुर (जिला अम्बेडकर नगर, उ.प्र.) में श्री धर्मराज सिंह तथा श्रीमती धनंजया देवी के घर में हुआ था। 1956 में बाल्यवस्था में ही वे संघ के संपर्क में आकर शाखा जाने लगे। स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त करने के बाद उनकी नौकरी डाक विभाग में लग गयी; पर इस दौरान वे लगातार संघ का काम भी करते रहे। 1965 में वे कानपुर में नियुक्त थे। वहां वे एक खंड में सायं शाखाओं के कार्यवाह थे।

1964 में उन्होंने फैजाबाद से प्राथमिक शिक्षा वर्ग तथा फिर 1965 में लखनऊ से प्रथम वर्ष संघ शिक्षा वर्ग किया। इस समय तक वे संघ के विचार और कार्यप्रणाली से पूर्ण समरस हो चुके थे। अतः उन्होंने नौकरी छोड़कर प्रचारक जीवन स्वीकार कर लिया। सरकारी नौकरी छोड़ने का निर्णय आसान नहीं था। परिवार में इसका विरोध भी हुआ; पर उन्होंने एक बार निश्चय किया, तो फिर मुड़कर पीछे नहीं देखा। इसके बाद उन्होंने 1967 में लखनऊ से संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष तथा 1969 में तृतीय वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



1965 से 70 तक वे मोहमदी, बिसवां व सिंधौली में तहसील प्रचारक रहे। 1971 में उन्हें शाहजहांपुर में जिला प्रचारक की जिम्मेदारी दी गयी। इसके बाद आपातकाल तक वे यहां पर ही रहे। आपातकाल में शाहजहांपुर में भूमिगत कार्यों का संचालन करते हुए वे पकड़े गये और फिर उन्हें जेल भेज दिया गया। आपातकाल के बाद 1978 में उन्हें सीतापुर विभाग और फिर 1981 में गढ़वाल विभाग प्रचारक की जिम्मेदारी मिली। शारीरिक विषयों में तज्ञता के कारण वे कई बार संघ शिक्षा वर्ग में मुख्यशिक्षक भी रहे।

संघ के प्रचारक शाखा कार्य के साथ ही अन्य कई क्षेत्रों में भी काम करते हैं। रामदौर जी को 1983 में भारतीय मजदूर संघ में उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री के नाते भेजा गया। 1999 तक उन्होंने यह जिम्मेदारी निभाते हुए मजदूर क्षेत्र में सर्वत्र भगवा ध्वज को प्रतिष्ठा दिलायी। इसके बाद उनका कार्यक्षेत्र क्रमशः बढ़ता गया। भारतीय मजदूर संघ का काम देश के सभी उद्योगों में है। 2001 में उन्हें ह्यअखिल भारतीय चीनी मिल मजदूर महासंघह्ण की जिम्मेदारी दी गयी।

2005 में वे भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये। अब उनका केन्द्र दिल्ली हो गया। उपाध्यक्ष के साथ ही दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश में संगठन के काम को गति एवं स्थायित्व देने की जिम्मेदारी उन्हें मिली। 2011 में जलगांव में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्हें गुजरात और राजस्थान के संगठन मंत्री का काम दिया गया। 2014 के जयपुर अधिवेशन में उन्हें इनके साथ ही महाराष्ट्र, विदर्भ और गोवा का काम भी मिला।

रामदौर जी को जिस क्षेत्र का काम दिया जाता था, वहां पर काम तेजी से बढ़ता था। अतः सब कार्यकर्ता उन्हें अपने क्षेत्र में प्रवास के लिए बुलाते रहते थे। प्रवास में बार-बार पानी बदलता है तथा खानपान व सोने-जागने का समय भी अनियमित हो जाता है। इस कारण वरिष्ठ प्रचारकों को कई रोग घेर लेते हैं। रामदौर जी भी मधुमेह तथा उक्त रक्तचाप आदि के शिकार हो गये। फिर भी वे स्वास्थ्य की बजाय संगठन के काम को ही प्राथमिकता देते थे।

वे 23 दिसम्बर, 2015 को उदयपुर के प्रवास से लौटकर अपने केन्द्र जयपुर आये। उस समय वे कुछ अस्वस्थता अनुभव कर रहे थे। अतः उन्हें तुरंत डॉक्टर को दिखाया गया; पर इलाज से लाभ नहीं हुआ और अति प्रातः साढ़े तीन बजे उनका निधन हो गया। इस प्रकार एक परिश्रमी, कर्मठ, समर्पित और हंसमुख स्वभाव के प्रचारक ने अंतिम सांस तक सक्रिय रहते हुए चिर विश्रांति स्वीकार की।

## अनुग्रह नारायण सिंह

भारतीय राजनेता और बिहार के पहले उप मुख्यमंत्री, सह वित्तमंत्री (1946-1957) थे। अनुग्रह बाबू (1887-1957) भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, वकील, राजनीतिज्ञ तथा आधुनिक बिहार के निमार्ता रहे थे। उन्हें 'बिहार विभूति' के रूप में जाना जाता था। वह स्वाधीनता आंदोलन के योद्धा थे। स्वाधीनता के बाद राष्ट्र निर्माण व जनकल्याण के कार्यो में उन्होंने सक्रिय योगदान दिया। अनुग्रह बाबू ने महात्मा गांधी एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के साथ राष्ट्रीय आन्दोलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका

**आधुनिक बिहार के निमार्ता**

डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा मानवतावादी प्रगतिशील विचारक एवं दलितों के उत्थान के प्रबल समर्थक और आधुनिक बिहार के निमार्ताओं में से एक थे। उनका जीवन दर्शन देश की अखंड स्वतंत्रता और नवनिर्माण की भावनाआ से सराबोर रहा। उनका सौम्य, स्निग्ध, शीतल, परोपकारी, अहंका-रहीन और दपोर्दीप्त शख्सियत बिहार के जनगणमन पर अधिकार किए हुए था। वे शरीर से दुर्बल, कृषकाय थे, पर इस अर्थ में महाप्राण कोई संकट उनके ओठों की मुस्कुराहट नहीं छीन सका। उनमें शक्ति और शील एकाकार हो गये थे और इसीलिए वे बुद्धिजीवियों को विशेष प्रिय थे। बिहार के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। राज्य के प्रशासनिक ढांचा को तैयार करने का काम अनुग्रह बाबू ने किया था। इन्होंने राज्य के प्रथम उप मुख्यमंत्री और सह वित्तमंत्री के रूप में 11 वर्षों तक बिहार की अनवरत सेवा की।

**प्रारंभिक जीवन**

अनुग्रह बाबू का जन्म बिहार के पोईअवा नामक गांव में 18 जून, 1887 को हुआ था। उनके पिता ठाकुर विशेश्वर दयाल सिंह जी अपने इलाके के एक वीर पुरुष थे। पांच बसंत जब वे पार कर गये तो उनकी शिक्षा का श्रीगणेश हुआ। सन्‍ 1900 में औरंगाबाद मिडिल स्कूल, 1904 में गया ज़िला स्कूल और 1908 में पटना कॉलेज में प्रविष्ट हुए। जिस समय ये पटना कॉलेज में आये, उस समय देश के शिक्षित व्यक्तियों के हृदय में परतंत्रता की वेदना का अनुभव होने लगा था। गुलामी की जंजीर में जकडी हुई मानवता का चित्कार अब उन्हें सुनायी पड़ने लगा था। वे उस जंजीर को तोड़ फेंकने के लिए व्याकुल होने लगे थे। सुरेन्द्रनाथ बनर्जी तथा योगिराज अरविंद जैसी महान्‍ आत्माओं का प्रादुर्भाव हो चुका था। इन महान्‍ आत्माओं के कार्यकलापों तथा व्याख्यानों का समुचित प्रभाव अनुग्रह बाबू के हृदय पर पड़ा। उनका हृदय भी भारत माता की सेवा के लिए तड़प उठा और वे

## 5 जुलाई/पुण्य-तिथि
## हंसकर मृत्यु को अपनाने वाले अधीश जी

किसी ने लिखा है - तेरे मन कुछ और है, दाता के कुछ और। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख श्री अधीश जी के साथ भी ऐसा ही हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए उन्होंने जीवन अर्पण किया; पर विधाता ने 52 वर्ष की अल्पायु में ही उन्हें अपने पास बुला लिया।

अधीश जी का जन्म 17 अगस्त, 1955 को आगरा के एक अध्यापक श्री जगदीश भटनागर एवं श्रीमती उषादेवी के घर में हुआ। बालपन से ही उन्हें पढ़ने और भाषण देने का शौक था। 1968 में विद्या भारती द्वारा संचालित एक इण्टर कालिज के प्राचार्य श्री लज्जाराम तोमर ने उन्हें स्वयंसेवक बनाया। धीरे-धीरे संघ के प्रति प्रेम बढ़ता गया और बी.एस-सी, एल.एल.बी करने के बाद 1973 में उन्होंने संघ कार्य हेतु घर छोड़ दिया।

अधीश जी ने सर्वोदय के सम्पर्क में आकर खादी पहनने का व्रत लिया और उसे आजीवन निभाया। 1975 में आपातकाल लगने पर वे जेल गये और भीषण अत्याचार सहे। आपातकाल के बाद उन्हें विद्यार्थी परिषद में और 1981 में संघ कार्य हेतु मेरठ भेजा गया। मेरठ महानगर, सहारनपुर जिला, विभाग, मेरठ प्रान्त बौद्धिक प्रमुख, प्रचार प्रमुख आदि दायित्वों के बाद उन्हें 1996 में लखनऊ भेजकर उत्तर प्रदेश के प्रचार प्रमुख का काम दिया गया।

प्रचार प्रमुख के नाते उन्होंने लखनऊ के 'विश्व संवाद केन्द्र' के काम में नये आयाम जोड़े। अत्यधिक परिश्रमी, मिलनसार और वक्तृत्व कला के धनी अधीश जी से जो भी एक बार मिलता,



वह उनका होकर रह जाता। इस बहुमुखी प्रतिभा को देखकर संघ नेतृत्व ने उन्हें अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख और फिर प्रचार प्रमुख का काम दिया। अब पूरे देश में उनका प्रवास होने लगा।

अधीश जी अपने शरीर के प्रति प्रायः उदासीन रहते थे। दिन भर में अनेक लोग उनसे मिलने आते थे, अतः बार-बार चाय पीनी पड़ती थी। इससे उन्हें कभी-कभी शौचमार्ग से रक्त आने लगा। उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जब यह बहुत बढ़ गया, तो दिल्ली में इसकी जाँच करायी गयी। चिकित्सकों ने बताया कि यह कैंसर है और काफी बढ़ गया है।

यह जानकारी मिलते ही सब चिन्तित हो गये। अंग्रेजी, पंचगव्य और योग चिकित्सा जैसे उपायों का सहारा लिया गया; पर रोग बढ़ता ही गया। मार्च 2007 में दिल्ली में जब फिर जाँच हुई, तो चिकित्सकों ने अन्तिम घण्टी बजा दी। उन्होंने साफ कह दिया कि अब दो-तीन महीने से अधिक का जीवन शेष नहीं है। अधीश जी ने इसे हँसकर सुना और स्वीकार कर लिया।

इसके बाद उन्होंने एक विरक्त योगी की भाँति अपने मन को शरीर से अलग कर लिया। अब उन्हें जो कष्ट होता, वे कहते यह शरीर को है, मुझे नहीं। कोई पूछता कैसा दर्द है, तो कहते, बहुत मजे का है। इस प्रकार वे हँसते-हँसते हर दिन मृत्यु की ओर बढ़ते रहे। जून के अन्तिम सप्ताह में ठोस पदार्थ और फिर तरल पदार्थ भी बन्द हो गये।

चार जुलाई, 2007 को वे बेहोश हो गये। इससे पूर्व उन्होंने अपना सब सामान दिल्ली संघ कार्यालय में कार्यकत्ताओं को दे दिया। बेहोशी में भी वे संघ की ही बात बोल रहे थे। घर के सब लोग वहाँ उपस्थित थे। उनका कष्ट देखकर पाँच जुलाई शाम को माता जी ने उनके सिर पर हाथ रखकर कहा - बेटा अधीश, निश्चिन्त होकर जाओ। जल्दी आना और बाकी बचा संघ का काम करना। इसके कुछ देर बाद ही अधीश जी ने देह त्याग दी।

## 5 जुलाई
## महत्त्वपूर्ण घटनाएँ


1658 - मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया।
1947 - भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम ब्रिटिश संसद में प्रस्तुत किया गया जिसे बाद में शाही स्वीकृति मिल गई।
1954 - बीबीसी ने पहला टेलीविजन प्रसारण किया। इसकी अवधि 20 मिनट थी और इसे पहले से बनाकर तैयार किया गया था।
1954 - आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट की स्थापना हुई।
1968 - भारत की पहली पनडुब्बी सोवियत रूस से पहुंची।
1975 - 31 साल के अमरीकी टेनिस खिलाड़ी आर्थर ऐश विंबलडन की एकल प्रतियोगिता जीतने वाले पहले काले आदमी थे।
1981 - राजन महादेवन ने गणित के ह्यपाईह्ण के 31 हजार 811 अंकों की गणना कर विश्व रिकार्ड बनाया।
1996 - स्कॉटलैंड के रोसलिन संस्थान में शोधकताओं की एक टीम ने पहली बार किसी स्तनधारी जीव से निकाली गई कोशिका का क्लोन बनाया।
1998 - टैंक विरोधी मिसाइल नाग का सफल परीक्षण किया गया।
1998 - तमिलनाडु में डॉल्फिन सिटी का उद्घाटन हुआ।




**जन्मदिवस-**
1926 - सेवा और समर्पण के पुंज श्री अवध बिहारी का जन्म हुआ
1941 - कर्मठ कार्यकर्ता राम दौर सिंह का जन्म हुआ

**पुण्यतिथि**
1877- अंग्रेजी भाषा की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभासम्पन्न कवयित्री तोरु दत्त का निधन हुआ था।
1957 - भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, वकील, राजनीतिज्ञ तथा आधुनिक बिहार के निमार्ता अनुग्रह नारायण सिन्हा का निधन हुआ था।
2007 - हंस कर मौत को अपनाने वाले अदीश जी का निधन हुआ

## गणेश गीता (गीता भाग 103)
# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान


विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी राजा वरेण्य को आगे बता रहे हैं :-

गुणैस्त्रिभिरियं देहे
बध्नाति पुरुषं दृढ़म्‍
यथा प्रकाशः क्षान्तिश्च
वृद्ध सत्वे तदाधिकं`

हे राजन्‍ ! प्रकृति के तीन गुण ही पुरुष को देह में बांधते हैं ,जिस समय देह में शांति व प्रकाश की वृद्धि हो तभी सत्वगुण की वृद्धि समझना चाहिए`

लोभोऽशमः स्पृहिरम्भः
कर्मणां रजसों गुणः
मोहोऽप्रवृत्तिश्चज्ञानं,
प्रमादः तमसोगुणः

हे राजन्‍! लोभ ,अशांति,स्पृहा और कार्यारम्भ ये रंजो गुण के धर्म हैं`मोह आलस्य और प्रमाद व अज्ञान ए तमो गुण के संज्ञक है`

सत्वाधिकः सुखं ज्ञानं ,
कर्मसंज्ञः रंजो धिकः`

तमोधिकश्च लभते,
निद्रालस्यम्‍ ससुखेतरत्




हे राजन्‍! सत्व गुण की अधिकता होने पर सुख व ज्ञान की,रंजो गुण की अधिकता से कर्म की और तमोगुण की अधिकता से सुख से हटकर निद्रा व आलस्य की प्राप्ति होती है

एषु त्रिषु प्रवृद्धेषु ,
मुक्ति संस्कृति दुर्गतीः`
प्रयांति मानवारजः
तस्मात सत्ययुतो भव`

इन तीनों की वृद्धि में क्रमशःमुक्ति ,संसार और दुर्गति मानवव को प्राप्त होती है इस लिए हे राजन्‍ सत्व गुणी हों`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

22 may 2022:Layout 1 7/5/2022 1:40 AM Page 3



# संक्षिप्त न्यूज

## शिक्षामंत्री ने नियम 280 पर चर्चा के बजाय विधायक बिष्ट को सत्र से निलंबित करा दिया

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली विधानसभा से:-आज दिल्ली विधानसभा के पहले दिन के सत्र में ही हंगामेदार स्थित उत्पन्न हो गई।जब सदन में प्रतिपक्ष के भाजपा नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने नियम 280 के तहत शहीद अमीर चंद्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लुडलो कैसल नंबर -4 बंद कर उसे लुडलो कैसल नंबर -2 में शिफ्ट कर दिया गया,का मामला उठाया और उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार आएं दिन नये नये स्कूल खोलने का दावा करती है।उसी विधानसभा क्षेत्र से सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक प्रहलाद सिंह साहनी ने बताया कि शिक्षक अभिभावक संघ के नोटिस के अनुसार उक्त स्कूल को लुडलो कैसल नंबर -2 में शिफ्ट कर दिया गया है। करावल नगर विधानसभा से भाजपा का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया से ठीक से वक्तव्य देने की मांग करते हुए कहा कि शिक्षामंत्री इस सदन को गुमराह कर रहे हैं।जबकि आपकी सरकार आए दिन ढिंढोरा पीटती रहती है




कि दिल्ली में नये नये स्कूल खोले जा रहे हैं।आप जनता से तथ्यों को छुपा रहे हैं।इस पर शिक्षामंत्री और विधायक मोहन सिंह बिष्ट में नौक झौक हो गई। विधायक बिष्ट अड़े रहे कि शिक्षामंत्री अपना वक्तव्य वापिस ले। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने हंगामे को देखते हुए, मोहन सिंह बिष्ट को मार्शल से बाहर निकलवा दिया और एक दिन के लिए विधानसभा सत्र से निलंबित कर दिया। शिक्षामंत्री से संपर्क नहीं हो पाया।उधर विधायक बिष्ट ने हमें बताया कि यह सरकार अनर्गल प्रचार व झूठ पर ही चल रही है,पर वह इसकी पोल विधानसभा और सड़क दोनों पर खोलते रहेंगे।

## डीएम अलीगढ़ ने कलक्ट्रेट में फरियादियों की समस्याओं को सुना, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश।

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो

अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने आज कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन में सुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी जनता दर्शन में आये फरियादियो की समस्याओं को



सुनकर उनके निस्तारण हेतु डीएम इन्द्र विक्रम सिंह सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

## खैर भानेरा गांव के पास अज्ञात वाहन को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकराई

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो

अलीगढ़ खैर कोतवाली क्षेत्र के गांव भानेरा के पास आज्ञात वाहन को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से जा टकराई प्राप्त जानकारी के अनुसार कार



खैर की तरफ जा रही थी तभी रास्ते में गांव भानेरा के पास किसी वाहन को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई और पुलिया के डिवाइडर से जा टकराई जिसमें ड्राइवर घायल हो गए घटना देख स्थानीय राहगीर घटनास्थल पर पहुंच गये और घायल को हॉस्पिटल में भर्ती कराया

## कुश्ती बृज की प्राचीन कला ग्रामीण स्तर पर हो खेलकूद प्रतियोगिता : डॉ देवेंद्र शर्मा (राज्य मंत्री)

मथुरा। जनपद के जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा के तत्वावधान में अखाड़ा शिवशक्ति आधुनिक मल्ल विधा केंद्र के सहयोग से स्वर्गीय श्री माधव सिंह बाबूजी के 65 वें जन्मदिन के अवसर पर जिला बाल केसरी शताब्दी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 3 जुलाई 2022 को शाम 3:00 बजे से आर एस डी पब्लिक स्कूल गांव नगला माना



किया गया। जिसमें जनपद के बाल पहलवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के डॉक्टर देवेंद्र शर्मा ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व बाल पहलवानों के हाथ मिलवा कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और कहा कुश्ती ब्रज की प्राचीन कला है। इसका विकास होना चाहिए और खेलकूद प्रतियोगिताएं अधिकतर ग्रामीण स्तर पर होनी चाहिए। जिससे ग्रामीण खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिल सके मुख्य अतिथि डॉक्टर देवेंद्र शर्मा का आयोजक खेल गुरु ब्रजरत्न अशोकशेखर पहलवान अध्यक्ष जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा व शेख शेखर अशोक पहलवान महासचिव जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा द्वारा पटुका, पगड़ी, तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। साथ ही सभी गुरु खलीफाओं व पहलवानो का सम्मान किया शेखरअशोक पहलवान महासचिव जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा ने बताया। इस खिताबी कुश्ती प्रतियोगिता में 30 से 35 किलो ग्राम भार वर्क के 200 से अधिक पहलवानो ने भाग लिया।प्रतियोगिता देर रात तक चलती रही कोच की भूमिका में भगवान सिंह कोच, भूपेंद्र मिश्रा कोच साहब उपस्थित रहे इस अवसर पर उम्मेद खलीफा, महाराज सिंह, नानिक चंद भगत, भानु शर्मा, अंकित पहलवान, भोले पहलवान, बंटी पहलवान, जयभगवान पहलवान, लक्ष्य पहलवान, हुबब्बी पहलवान, कन्हा पहलवान, विष्णु पहलवान आदि उपस्थित थे।

# संकल्प दिवस :रक्तदान एवं तरूणी महासंगम का आयोजन

(हरेश उपाध्याय (नोएडा:-राष्ट्र सेविका समिति की संस्थापिका वंदनिया लक्ष्मीबाई केलकर (मौसीजी) के जन्मदिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए राष्ट्र सेविका समिति, नोएडा विभाग की बहनों ने सेक्टर 12 स्थित भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में एक रक्तदान शिविरआयोजित किया। महानगर संपर्क प्रमुख श्रीमती अनिता जोशी ने जानकारी देते हुए कहा कि इस अवसर पर अक्क्टर और उत्क्छऊढक्क्ष को 100 यूनिट के करीब रक्तदान किया गया। जिसमें बहनों एवं बंधुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।साथ ही तरूणी महासंगम कार्यक्रम रखा गया।जिसे अखिल भारतीय तरूणी प्रमुख सुश्री विजया शर्मा ने संबोधित किया। प्रांत कार्यवाहिका सुकन्ज जी, प्रांत तरूणी प्रमुख ऋचा जी, प्रांत सह शारीरिक प्रमुख एवं सह विभाग कार्यवाहिका दीप्ति




जी और संभाग प्रचारिका अलका की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुकुल वाजपेई ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती विमला बाथम मुख्य अतिथि रही एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महामाया इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिभा चौधरी ने की ।कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्र सेविका समिति की महानगर तरुणी प्रमुख श्रीमती दीपाली दीक्षित ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया ।नोएडा महानगर कार्यवाहिका श्रीमती इंद्राणी मुखर्जी ने कहा इस अवसर पर करीब 700 तरुणियों और महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महानगर एवं नगर कार्यकारिणी की बहने वंदना अनेजा , मोना चावला , विद्या रावत , रेखा चौहान , संध्या शर्मा , पदमा सिंह , स्मृति राय , रीता राजपूत , प्रियंका सिंह ,अल्पना तोमर , तृप्ति दुबे , सुनीता यादव,पूनम , सुमन , नेहा आदि बहनों का भरपूर योगदान रहा ।

# खैर तहसील क्षेत्र के नायल गांव की मेन रास्ते पर कीचड़ व गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने हाथ उठाकर किया विरोध प्रदर्शन

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो अलीगढ़ खैर तहसील के नायल गांव का है। जहां पर गांव की मैन रास्ता पूरी तरीके से गंदगी व कीचड़ से भरी पड़ी है। जहां से गांव के लोगों को प्रतिदिन निकलना पड़ता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बुजुर्ग लोग कीचड़ में गिर जाते हैं। तथा गांव के कई बच्चों के गिरने से पैर व हाथों में फ्रैक्चर भी हो गए हैं। यहां के ग्राम प्रधान केहरी सिंह कुशवाह को लोगों ने कई बार शिकायत की है। लेकिन प्रधान की तरफ से लोगों को उल्टा जवाब मिलता है। तथा प्रधान बोलता है। आप को जो करना है वह कर लो, मैं जो भी काम करा ऊंगा अपनी मर्जी से कराऊंगा ।तुम्हारे



कहने से नहीं कराऊंगा। क्यों कि मैंने प्रधानी जीतने के लिए बहुत सारा पैसा खर्च किया है ।जब तक मेरा पूरा पैसा वापस नहीं निकल आएगा। तब तक मैं कोई भी काम नहीं कराऊंगा। क्यों कि मैंने ब्याज पर पैसा लेकर इलैक्शन जीता है। जब कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का कहना है। कि हर गांव को सांसद व विधायक व उच्च अधिकारी गोद लें, और उनमें साफ सफाई व पार्कों की उचित व्यवस्था करें ।लेकिन इस गांव में सब कुछ दबंग प्रधान के होने से उल्टा होता है। तथा यहां का सफाई कर्मचारी भी सफाई करने के लिए नहीं आता है। क्योंकि प्रधान वह सफाई कर्मचारी की मिलीभगत है। तथा गांव के लोगों ने आए दिन दोनों को शराब पीते हुए देखा है। अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी प्रधान व सफाई कर्मचारी के खिलाफ क्या कार्रवाई करेंगे।

# खैर मारुति कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर बाइक सवार तीन लोग हुए घायल

लक्ष्मण सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो

अलीगढ़ खैर कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ पलवल रोड अंडला गांव की पेट्रोल टंकी के समीप एक मारुति कार ने बाइक सवार एक व्यक्ति सहित दो किशोरों को मारी टक्कर में वृध्द सहित किशोरी ,एक किशोर सहित हुए घायल सूचना मिलने पर दो थाने खैर कोतवाली के एस एस आई योगेंद्र सिंह,एस सुरेंद्र राणा,एस आई अजेंद्र सिरोही सहित पुलिस स्टाफ व लोधा थाना इंस्पेक्टर आदित्य कुमार,एस आई यादव पुलिस स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया मारुति कार चालक हुए फरार पुलिस ने मारुति कार व बाइक को अपने हिरासत में लिया खैर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने घायल वृध्द निसार पुत्र वशीर खान,अनम पुत्री निसार निवासीगण शाहजामाल



थाना रोरावर अलीगढ़ और निसार की बेटी का एक लड़का सुभान पुत्र शाहिद निवासी जामुनिका थाना चंडौस को अलीगढ़ एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती एंबुलेंस 108 ने वृध्द घायल व एक किशोरी को अलीगढ़ जिला अस्पताल के लिए किया रेफर प्राप्त जानकारी के अनुसार निसार ने बताया कि मैं अपनी बेटी शहर बानो पत्नी साहिद निवासी जामुनका थाना चंदौस से अपनी छोटी बेटी अनम वह बड़ी बेटी का एक बेटा सुभान अपनी बाइक द्वारा अपने अलीगढ़ शहर के लिए जा रहे थे अंडला पेट्रोल पंप के समीप एक मारुति कार ने हमारी बाइक में टक्कर मार दी जिसमें हम तीनों घायल हो गए घायल होने पर राहगीर लोगों और पुलिस के द्वारा हमको खैर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है खैर कोतवाली के एसएसआई योगेंद्र सिंह घायलों की जानकारी के लिए के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर एसएसआई योगेंद्र सिंह घायल वृद्ध से जानकारी करते हुए

## नेहरू युवा केंद्र एवं कर्मायण संस्था का रक्तदान शिविर 6 जुलाई को।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण:

रक्तदान शिविर का आयोजन काछाड़ जिले के नेहरू युवा केंद्र द्वारा और फ्रेंच नगर कर्मयान संस्था के सहयोग से किया गया जा रहा है। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के 121वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुधवार, 6 जुलाई, 2022 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर सुबह 11 बजे धलाई बाजार सामुदायिक भवन में




स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर को सफल बनाने के लिए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन समारोह एवं रक्तदान शिविर में भाग लेना। साथ ही संगठन की ओर से अध्यक्ष कुटन दे ने क्षेत्र के सभी समाजसेवी मित्रों से स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए आगे आने की अपील की. रक्तदान जीवनदान इस मुहिम को चलाया जाएगा।

## कानपुर में पाकिस्तान से आतंकी धमकी के बाद बढ़ाई सूफी खानकाह एसोसिएशन अध्यक्ष की सुरक्षा

*– पाकिस्तानी बरेलवी कट्टरपंथी मुल्ला आसिफ अशरफ जलाली ने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया वीडियो रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी*

सुनील बाजपेई कानपुर । यहां सूफी खानकाह एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद कौसर मजीदी को पाकिस्तानी आतंकवादी दवारा जान से मारने की धमकियां मिल रहीं। ऐसी ही एक और धमकी के बाद यहां की कमिश्नरेट पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें यह धमकी पाकिस्तानी बरेलवी कट्टरपंथी मुल्ला आसिफ अशरफ जलाली ने दी है। इसके लिए उसने बीते शनिवार रात साढ़े नौ बजे अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो भी अपलोड किया है। साथ ही एक धमकी भरा कॉल भी आया है। मजीदी का दावा है कि कॉल करने वाला जलाली का समर्थक है। जो पाकिस्तान का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक कट्टर पंथियों के खिलाफ बोलने वाले कौसर मजीदी को एक सप्ताह में तीसरी बार धमकी मिली है। यही नहीं धमकी देने वाले आसिफ अशरफ जलाली ने अपने यूट्यूब पर अपलोड किए गए वीडियो में भारत में एक पाकिस्तान बनाने की भी बात कही है। इसमें उसने प्रधानमंत्री मोदी का भी नाम लिया है। तमाम तरह की अभद्र व आपत्तिजनक बातें भी कहीं। इसी दौरान मजीदी को भी धमकाया। अवगत कराते चलें कि जलाली तहरीक-ए-लब्बैक संगठन का संस्थापक है। 1997 में आतंकवादी निरोधी कानून के तहत इस पर पाबंदी भी लगाई जा चुकी है। जलाली ने कहा कि सूफी खानकाह संगठन हिंदुओं की गोद में बैठने वाला संगठन है। यह मुसलमानों का दुश्मन है। वहीं एसीपी बाबूपुरवा आलोक कुमार सिंह ने बताया कि सभी मामलों की जांच की जा रही है। साइबर सेल व सर्विलांस टीम भी लगी है। इस मामले में जूही थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर की शुरूआती जांच में पता चला कि इंटरनेट कॉल आईपी एड्रेस हैक कर की गई। जिससे सही आईपी एड्रेस की जानकारी न मिल पाए। पुलिस के मुताबिक शायद इसी वजह से कॉल ट्रेस नहीं हो पा रही है। हालांकि जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि धमकी पाकिस्तान से ही दी गई है। पुलिस मामले की जांच बहुत गहराई से कर रही है।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम को एक जन आंदोलन के रूप में मनाये जाने की जनपदवासियों से की गयी अपील।

गौतमबुद्धनगर 04 जुलाई, 2022

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में एक ही दिन में 25 करोड पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से पर्यावरण एवं जल वायु परिवर्तन कार्यक्रम कार्यावयन अनुभाग द्वारा नरेन्द्र भूषण, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग को जनपद गौतमबुद्धनगर का नोडल अधिकारी नामित किया गया। इसी क्रम में नरेन्द्र भूषण, प्रमुख सचिव द्वारा दिनांक 03-07-2022 को जनपद गौतमबुद्धनगर में कार्यक्रम

## असम करीमगंज जिले के सिंला ग्राम पंचायत के उत्तर फेटीपात गांव का एक हिस्सा सरकारी सुविधाओं से पूरी तरह वंचित है.

*पेयजल नहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना नहीं, वृद्धावस्था भत्ता नहीं, शौचालय नहीं, अरुणोदय नहीं जॉब कार्ड नहीं, सभी योजना से वंचित है।*

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण :

वर्तमान सरकार लोगों के हित के लिए अरुणोदय परियोजनाओं का नेतृत्व कर रही है, जिसमें हर गांव में सड़कें बनाना, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए पेयजल, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, वृद्धा भत्ता और अन्य शामिल हैं। लेकिन असली लाचार लोगों को फसलों में भूतों की मौजूदगी के कारण सभी सरकारी सुविधाओं



से वंचित किया जा रहा है। यह प्रभारी लोगों द्वारा रिश्तेदारी नीति अपनाने के कारण हो रहा है। जिसका वास्तविक प्रमाण उपलब्ध है। दुल्लभछड़ा प्रखंड विकास के अंतर्गत सिंला ग्राम पंचायत के उत्तरी फेटीपात गांव. पता चला है कि ग्राम पंचायत अध्यक्ष हीरालाल रबीदास व वार्ड 7 सदस्य आईया अहमद को गांव में करीब 50 परिवारों के लिए एकमात्र सड़क बनाने के लिए एमजीएन रेगार के तहत फाटीपात पीएमजी एसवाई रोड से आशु दास के घर तक 9,78,998 रुपये आवंटित किए गए हैं. वित्तीय वर्ष। गांव की सड़क बनाने के नाम पर ग्रामीणों की आय का जरिया का पेड़ है और कीमती पेड़ों को काटा जाता है. साथ ही गांव के एक हिस्से में धान के खेतों के जरिए जेसीवी देकर किसानों को खेती से भी वंचित किया जा रहा है. ग्रामीण इसके लिए ग्राम पंचायत अध्यक्ष व वार्ड सदस्यों को जिम्मेदार हैं। ग्रामीणों ने आगे कहा कि ग्रामीणों के अनुरोध पर जीपीडीपी द्वारा वर्ष 2019-20 में गांव के प्रवेश द्वार पर पैदल पुल के निर्माण के लिए 5 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं. लेकिन आबंटित धन कार्य से कहीं अधिक होने के बावजूद भी दिशा-निदेशों के अनुसार कार्य नहीं किया गया। वर्तमान में पुल के किनारे भूस्खलन के कारण उन्हें विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर गांव के लोग सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं साथ ही सड़कों की दयनीय स्थिति के कारण छात्र शिक्षा के प्रकाश से वंचित हो रहे हैं. इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं को इलाज के लिए अपने कंधों पर ले जाना पड़ता है। यहां तक कि 84 साल के बुजुर्ग को भी वृद्धा भत्ता नहीं दिया जा रहा है. इसलिए ग्रामीणों ने राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार व संभागीय अधिकारी से ग्रामीणों की ज्वलंत समस्याओं का मौके पर जाकर निराकरण करने की पुरजोर अपील की.

## खैर सिविल जज का ट्रांसफर होने पर अधिवक्ताओं ने खैर तहसील मे सिविल जज को दी विदाई

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो

अलीगढ़ खैर तहसील में सिविल जज अर्शी नूर का गैर जनपद ट्रांसफर होने पर अधिवक्ताओं ने उन्हें सम्मानित कर विदाई दी।

बता दें कि सिविल जज अर्शी नूर ने 15 जुलाई 2021 को खैर कोर्ट का चार्ज सम्भाला था। बीते दिनों उनका ट्रांसफर अम्बेडकर नगर होने पर



शनिवार को तहसील के अधिवक्ताओं ने उन्हें विदाई दी। बार के अध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिशुपाल शर्मा अमर सिंह, ललित मिश्रा, भगवती पाली, रामकुमार गौतम, संजय सारस्वत, अर्शी कुरैशी, वीडी वर्मा, रामचन्द्र, मानवेन्द्र सिंह, संजय मनोज दिवाकर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।


## खैर कस्बा से 24 दिन से लापता खैर के मोहल्ला उपाध्याय के निवासी व्यक्ति,ने लगाई खैर पुलिस से मदद की गुहार




अलीगढ़ खैर कोतवाली क्षेत्र के पिछले 24 दिनों से खैर कस्बे के मोहल्ला उपाध्याय निवासी वृध्द राजवीर सिंह अपने घर से लापता हैं लापता वृद्ध के पुत्र योगेश कुमार ने खैर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है वही पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र के दौरान बताया कि उसके पिता घर से बाजार की कह कर गए थे लेकिन तभी से वह वापस नहीं लौटे पीड़ित परिवार उन्हें इधर-उधर तलाश कर थक चुके हैं पीड़ित ने अब खैर पुलिस की मदद ली है वही खैर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## खैर बोरिंग ठेकेदार काफी दिनों से कोतवाली के अपनी बोरिंग करने वाली चार लाख की मशीन बरामद के लिए काट रहा है चक्कर

अलीगढ़ खैर कोतवाली क्षेत्र में गगेई क्षेत्र निवासी पीड़ित ठेकेदार राजकुमार शर्मा की टूबल बोरिंग की मशीन सहारनपुर निवासी लेबर की व्यक्ति सजना गाव से फोर्जरी मशीन को ठेकेदार से झूठ बोल कर ले गये। लेवर के जिम्मेदार व्यक्तियों का फोन भी बंद जा रहा है। पीड़ित ठेकेदार राजकुमार शर्मा के द्वारा मशीन को ले जाने पर खैर पुलिस में प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई। लेकिन कोतवाली पुलिस के द्वारा उसे कोई भी राहत नहीं



दी गई। पीड़ित के द्वारा उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया तब जाकर पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर धारा 406 में मुकदमा दर्ज हुआ है। लेकिन पीड़ित का कहना है 19 तारीख की घटना है 15 दिन हो गए पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई है। पीड़ित की मशीन की कीमत लगभग चार लाख 50 हजार है। पीड़ित बार-बार थाने के चक्कर लगा रहा है।

## अलीगढ़ एडीएम प्रशासन ने अहम बिन्दुओ पर की-बैठक

लक्ष्मन सिंह राघव अलीगढ़ ब्यूरो अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डीपी पाल द्वारा आज खसरा फीडिंग, खतौनी अंश निर्धारण, अविवादित विरासत,मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लंबित दावों आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा बैठक



आयोजित की गई।जिसमें एडीएम प्रशासन ने समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदारों को योजनाओं के प्रगति के संबंध महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## केंद्रीय मंत्री एस पी सिंह बघेल संकल्प की जल सेवा पर दी बधाई

आगरा! विजय शर्मा मेमोरियल ईस्ट जोन सेलेक्शन बैडमिंटन टूनामेंट (सीनियर व जूनियर आयु वर्ग) के आयोजन में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में संकल्प सेवा संस्था की ओर से सभी प्रतिभागियों के लिए शुध्द आर ओ के शीतल जल की जल सेवा अनवरत चल रही थी आज उसके समापन के अवसर पर संकल्प जल सेवा पर केंद्रीय कानून मंत्री एस पी सिंह



बघेल पधारे एवं संस्था को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं संस्था के संरक्षक डॉ डी वी शर्मा ने संस्था के सभी कार्यकताओं को बधाई,शुभकामनाएं देकर उत्साहवर्धन किया और कहा कि इसी तरह संस्था आम जन मानस के लिए काम करती रहे।उनका आशीर्वाद हमेशा संस्था के साथ हे। संस्था अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने प्रतियोगिता की आयोजन समिति एवं आगरा बैडमिंटन संघ को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।और कहा भविष्य में भी संस्था इसी प्रकार सहयोग करती रहेगी। संस्था अध्यक्ष ब्रजेश पंडित,दीप बघेल,धर्मवीर कौशिक,नवीन गौतम,मुनेंद्र रावत,मुकेश निर्वाणियाँ, पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## गौसेवा संकल्प ग्रुप द्वारा कालिका गौशाला में की गई गौसेवा

आगरा! गौ सेवा को समर्पित 'गौ सेवा संकल्प ग्रुप' द्वारा कालिका गौशाला में गौ सेवा की गयी। सर्वप्रथम गौ माता की पूजा की गई। सभी ने वहां उपस्थित गौ माताओं को हरा चारा,भूसा, चोकर, हरी सब्जी, चना दाल, गुड़, केले, रोटी आदि खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गौ सेवा ग्रुप द्वारा वहाँ की गौ माताओं की मदद करने का पूरा अश्वासन दिया गया। साथ ही वहाँ की बस्ती के बच्चों को भी खाने के पैकेट बनाकर बाँटे गए। संस्थापक अध्यक्ष रितु गोयल, श्रुति सिन्हा, वंदना



परिहार, अंजली सवरूप, राहुल अग्रवाल, अमित कौरा व यश गोयल ने सभी व्यवस्थाएं संभाली। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. निशीथ स्वरूप, कुमुद पांडे, राजकुमारी पाराशर, ममता पचौरी, भावना खत्री, निशा अग्रवाल, राजेश अग्रवाल,डॉ. माधवी कुलश्रेष्ठ,अमित लवानिया,रितु जैन, बबीता पाठक, प्राशी गोयल, रूपाशी गोयल, अनीता गौतम, राजेश्वरी, पारुल भारद्वाज, दीपक कुशवाह, राखी गुप्ता, निहारिका भारद्वाज, अमन जी, सोनिया अग्रवाल, नीतू अग्रवाल व धर्मवीर जी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गौसेवा के समापन पश्चात सर्वाधिक कार्यशील गौसेवक के रूप में अमित लवानिया को पटका व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह एवं जिलाधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में आबकारी विभाग लगातार एक्शन में।

अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान।

2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए भेजा जेल।

## "हम शपथ लेते हैं,पॉलीथीन का प्रयोग नही करेंगे"

दैनिक समाज जागरण पंकज राघव ब्यूरो संभल

**सम्भल।** नगर के गॉड्स ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल में नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद व पॉलीथिन बहिष्कार कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओ को प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई। इसमे स्कूल के प्रबंध निदेशक फरहत खान ने सिंगल यूज उत्पास एवं प्लास्टिक से होने वाली हानि पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता बनाये रखने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने स्कूल के छात्र -छात्राओं को वन टाइम यूज उत्पाद एवं प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई और अभियान को सफल बनाने पर बल दिया जिससे पर्यावरण को साफ सुथरा बनाने में सहायता मिले। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, वजाहत हुसैन,समन खान,मोहम्मदअसद,बुशरा फातिमा,सलमान खान,जमजमा रिजवान,हबीब अहमद,सिदरा रशीद,उशबा रशीद,समन इकबाल,एमन सारिया,सानिया फातिमा,शाजिया सिद्दीकी,महलका आदि शामिल रहे।



## डीएम के आदेश को पेट्रोल पंप स्वामी का ठेंगा, बगैर हेलमेट दी जा रही है बाइक सवारों को पेट्रोल।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह/ गुन्नौर


गुन्नौर सोमवार को शासन और प्रशासन की सख्ती के बाद भी पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट बाइक में तेल डाला जा रहा है। पंप स्वामियों ने खुद को बचाने के लिए नया फंडा अपना लिया है। उन्होने पंप पर ही , एक दूसरे को हेलमेट , देकर भरा रहे हैं पेट्रोल जो बाइक चालकों को हेलमेट थमा देते हैं और एक ही हेलमेट से दस दस दोपहिया बहनों में तेल डाल देते हैं तेल पड़ने के बाद हेलमेट वापस ले लेते हैं। यहीं कारण है कि सड़कों पर लोग बिना हेलमेट वाहन चला रहे हैं। इस काम में कानून का पालन कराने की के बजाय कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं कोई भी व्यक्ति हेलमेट लगाए नजर नहीं आ रहा है।शासन की सख्ती के बाद जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बिना हेलमेट वाले बाइक सवारों को पेट्रोल न देने का आदेश जारी किया था। आदेश का अनुपालन न करने पर उन्होने कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी थी परंतु कोई भी पंप स्वामी इस जिम्मेदारी के लिए नहीं निभा पा रहे हैं। जिला अधिकारी के आदेश को ठेंगा दिखाने वाले पेट्रोल पंप स्वामी की यह तस्वीर गुन्नौर कस्बा की है अब देखना यह है की ऐसे पेट्रोल पंप स्वामी के खिलाफ जिला अधिकारी क्या कार्रवाई कराते हैं।



## प्रयागराज से फूल (अस्थि) विसर्जित कर वापस आ रहे बोलेरो पलटी एक की मौत 6 घायल

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव


**बांदा** - उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद में हुआ एक दर्दनाक हादसा ड्राइवर को नींद आ जाने से अनियंत्रित होकर नाले में पलटी बोलेरो, एक युवक की मौत आधा दर्जन गंभीर रूप से घायल, राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस, सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से पहुंचाया जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर, जहां देखते ही डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को किया मृत घोषित शेष का उपचार जारी आपको बता दें पूरा मामला बांदा जनपद के अतर्रा थाना क्षेत्र के गढ़रा नाला के पास का है। फूल (अस्ति) विसर्जित करके प्रयागराज से लौट रही बोलेरो के पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए बताया गया ड्राइवर को नींद आने के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में एक 6 साल के बच्चे समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वही एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वही घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और एंबुलेंस के द्वारा बांदा जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने एक व्यक्ति को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य छह लोग गंभीर रूप से घायल है जिन का इलाज किया जा रहा है।, हादसे का शिकार सभी लोग महोबा जनपद के अजनर थाना क्षेत्र के रहने वाले, घटना अतर्रा थाना अंतर्गत झांसी मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग में गडरा नाले की है।



## वारासिवनी नगरीय निकाय चुनाव मतदान के लिए मतदान कर्मियों का हुआ तृतीय रेंडमाईजेशन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत आगामी 06 जुलाई को नगर पालिका परिषद वारासिवनी के 15 वार्डों से पार्षदों के निर्वाचन के लिए मतदान कराया जायेगा। इस मतदान के लिए 04 जुलाई को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, चुनाव प्रेक्षक शरद कुमार श्रोत्रिय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद मरकाम, नगर पालिका वारासिवनी के रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम के सी बोपचे एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आयुषी जैन की मौजूदगी में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। कम्प्यूटर साफ्टवेयर के द्वारा इस रेंडमाईजेशन से यह तय कर दिया गया है कि किस मतदान केन्द्र पर कौन सा दल मतदान कराने जायेगा। इसके पहले प्रथम रेंडमाईजेशन में किस कर्मचारी की ड्यूटी किस नगरीय निकाय में मतदान कराने के लिए लगेगी यह तय किया गया था और द्वितीय रेंडमाईजेशन द्वारा यह तय किया गया था कि मतदान दल में कौन-कौन सदस्य रहेगा। अब तृतीय रेंडमाईजेशन द्वारा तय कर दिया गया है कि कौन सा मतदान दल किस मतदान केन्द्र पर मतदान कराने जायेगा।



## बालाघाट, लालबर्रा एवं बिरसा में मतदान के दिन रहेगा अवकाश

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो** बालाघाट।राज्य शासन द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन में मतदान दिवस में जिले के संबंधित क्षेत्र में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए तृतीय चरण में 8 जुलाई को विकासखंड बालाघाट, लालबर्रा एवं बिरसा के ग्रामों में मतदान होगा। मतदान के दिन 08 जुलाई को इन तीन विकासखंड के ग्रामों में सामान्य अवकाश रहेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिये गये है। बालाघाट, लालबर्रा एवं बिरसा विकासखंड के ग्रामों में स्थित कार्यालयों, दुकानों एवं फैक्ट्रियों में कार्यरत कर्मचारी बिना किसी व्यवधान के अपना मतदान कर सके इसके लिए 08 जुलाई को इन विकासखंड के ग्रामों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। बालाघाट विकासखंड

# बीमा कंपनी बीमित किसान को बीमा का दें शत प्रतिशत लाभ -जिलाधिकारी

*क्षतिपूर्ति की रिपोर्ट राजस्व विभाग से लेखपाल, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि के संयुक्त हस्ताक्षर से ही हो अग्रसारित– जिलाधिकारी*

*प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का जनपद में अधिक से अधिक किया जाए प्रचार प्रसार– मुख्य विकास अधिकारी*

दैनिक समाज जागरण बहजोई

आज जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा निर्देशों के क्रम में जनपद में सर्वाधिक क्षतिपूर्ति पाने वाले किसानों, सर्वाधिक बीमा करने वाली बैंक शाखा एवं सर्वाधिक बीमा करने वाले जन सुविधा केंद्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें राजकुमार ग्राम भैसोडा को धान की फसल हेतु 29666 रुपए।, मुनीश कुमार ग्राम रायपुर कला धान की फसल हेतु 27429 रुपए, महेंद्र सिंह ग्राम पथरिया को बाजरा की फसल हेतु 24460 रुपए, एवं राहुल शर्मा ग्राम सैदपुर जयराम को धान की फसल हेतु 22306 रुपए की क्षतिपूर्ति प्रदान करने के साथ ही पंजाब नेशनल बैंक गवां द्वारा सर्वाधिक किसानों का बीमा करने एवं ऑनलाइन सिटीजन सर्विस जन सेवा केंद्र भकरौली, ब्लॉक गुन्नौर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती कमलेश सचान के द्वारा बीमा कंपनी एवं कृषि विभाग को योजना के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार एवं अधिक से अधिक लोगों को इस योजना में सम्मिलित कराने के निर्देश दिए। एवं उन्होंने कहा कि न्यूनतम बीमा वाले ब्लॉक जैसे जुनावई, असमोली, पवासा में इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए। और बीमा की जाने की अंतिम तिथि भी किसानों के संज्ञान में हो। और उन्होंने बीमा कंपनी को निर्देशित करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित एक होर्डिंग भी लगवाया जाए। जिलाधिकारी द्वारा बीमित धनराशि एवं क्षतिपूर्ति के बारे में जानकारी करते हुए निर्देश दिए गए कि क्षतिपूर्ति 100% कराई जाए। क्षतिपूर्ति की रिपोर्ट पर राजस्व विभाग से लेखपाल, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि के संयुक्त हस्ताक्षर से ही अग्रसारित कराए जाए। इस वर्ष के लक्ष्य को प्रत्येक दशा में पूर्ण करने हेतु बीमा कंपनी बैंक एवं जन सुविधा केंद्रों को निर्देश दिए गए। और उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इसकी समीक्षा की जाती रहे। कृषि उपनिदेशक हीरा सिंह जीना ने बताया कि बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 है। खरीफ मे जनपद में चार फसलें अधिसूचित है। धान, मक्का, बाजरा एवं उड़द इसका प्रीमियम धनराशि 2% है। इसके लिए प्रति हेक्टेयर क्रमशः 1323.78, 805.66, 592.24, एवं 1027.14 रुपए प्रीमियम किसान द्वारा देय होगा। एवं बीमित धनराशि क्रमशः 66189, 40283, 29612, 51357, रुपए है। प्राकृतिक आपदा में क्षति पूर्ति हेतु घटना के 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 1800-889-6868 एवं 1800-103-5490 पर सूचना देना होगा। इसके साथ ही दलहनी फसल को बढ़ावा देने के लिए। उड़द के मिनी किट का 6 किसानों को वितरण किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक हीरा सिंह जीना, जिला कृषि अधिकारी ओंकार सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक केनरा बैंक, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, बैंक के प्रतिनिधि, जन सुविधा केंद्र के प्रभारी एवं किसान भाई उपस्थित रहे।



# बीजेपी के पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कैला देवी थाना प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप

दैनिक समाज जागरण बहजोई

कैला देवी थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र राठी पर जुआ सट्टा अवेध खनन कराने के आरोप लगाये गये हैं ।अवेध धंधों से मोटी कमाई करने का बीजेपी नेता ने थाना प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप लगाए है सरकार विरोधी कार्य करने के भी थाना प्रभारी पर आरोप लगाये गये हैं ।डीएम से मिलकर थाना प्रभारी की शिकायत की है केला देवी थाना के प्रभारी निरीक्षक है रविंद्र राठी । आपको बताते चले की पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल द्वारा आज कैला देवी थाना प्रभारी रविंद्र राठी पर गंभीर आरोप लगाए है । पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल द्वारा बताया गया कि कैलादेवी थाना क्षेत्र में अवैध खनन जुआ सट्टा जोरों पर है जिसस कैला देवी क्षेत्र के लोग परेशान हैं लोगों का पुलिस से विश्वास उठता जा रहा है हम लोग उच्च अधिकारियों से मिले हैं और कैला देवी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया है राजेश सिंघल ने बताया कि कैलादेवी प्रभारी सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं बीजेपी कार्यकर्ता भी कैला देवी थाना प्रभारी की कार्यशैली से नाराज हैं कैला देवी थाना प्रभारी की कार्यशैली ठीक नहीं है उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाए



# नाला निर्माण में सरकारी मानकों को ताक पर रखकर किया जा रहा निर्माण

*समाज सेविका शालनी पटेल ने ग्रामीणों के साथ मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा को सौंपा ज्ञापन*

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

**बांदा** - नाले के निर्माण में सरकारी मानकों को ताक पर रखकर किया जा रहा नाला निर्माण जिसकी सूचना पर समाज सेविका शालनी पटेल आर टी ओ ऑफिस के पास नाला निर्माण कार्य को मावके पर जा कर देखा जहां पर सरकारी मानकों को ताक में रखकर के नाला निर्माण किया जा रहा था इस संबंध समाज सेविका शालिनी पटेल ने जब ठेकेदार से बात की तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जिससे नाराज शालिनी पटेल ने ग्रामीणों के साथ मंडला एफ चित्रकूट धाम मंडल बांदा को ज्ञापन सौंपा और शहर में हो रहे निर्माण कार्य उसमें सही मानकों का ध्यान रखने एवं जिन ठेकेदारों के द्वारा सरकारी मापदंडों का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। पूरा मामला बांदा जनपद के पल्हरी आर टी ओ आफिस के पास का है। यहां पर जिला पंचायत के द्वारा नाले का निर्माण कार्य ठेकेदार राजेश गुप्ता द्वारा कराया जा रहा है। जिसमे घटिया सामग्री लगाने वा बालू में सीमेंट नाम मात्र का मिलाया जा रहा है। जिसकी लगातार ग्रामीणों की सूचना पर समाज सेविका शालनी पटेल ने मौके पर जा कर देखा तो बिलकुल सही नही पाया। इस संबंध में जब ठेकेदार से बात की गई तो ठेकेदार द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। जिससे नाराज शालनी पटेल ने ग्रामीणों के साथ आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से नाले निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग किए जाने की जानकारी देने के साथ साथ जांच कराए जाने की मांग की गई।



# भुइयां रानी पुलिस चौकी का अपर पुलिस अधीक्षक बांदा व क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा भूमि पूजन किया गया

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बांदा - अपर पुलिस अधीक्षक बांदा व क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा स्थानीय लोगों की उपस्थिति में थाना पैलानी क्षेत्र में प्रस्तावित भुइयां रानी पुलिस चौकी का भूमि पूजन किया गया। आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुलिस चौकी का जल्द निर्माण होगा। पुलिस चौकी स्थापित होने से स्थानीय लोगों को मिल सकेगी त्वरित पुलिस सहायता ।थाना पैलानी से 12 किमी0 उत्तर की ओर भुइयां रानी मौजा शेखूपुर में पुलिस चौकी स्थापित होगी। प्रस्तावित पुलिस चौकी 14 गांवों और 13 मजरों की लगभग 60 हजार जनसंख्या को आच्छादित करेगी।आपको बातादे की आज अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र और क्षेत्राधिकारी सदर आनंद कुमार पाण्डेय द्वारा थाना स्टाफ, ग्राम प्रधान और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में थाना पैलानी क्षेत्र में प्रस्तावित भुइयां रानी पुलिस चौकी का भूमि पूजन किया गया। थाना पैलानी से 12 किमी0 दूर उत्तर की ओर भुइयां रानी मौजा शेखूपुर में यह पुलिस चौकी स्थापित की जा रही है । इस पुलिस चौकी के बन जाने से स्थानीय लोगों को त्वरित पुलिस सहायाता मिल सकेगी साथ ही इस क्षेत्र में अपराधों पर भी नियंत्रण लगाया जा सकेगा । प्रस्तावित पुलिस चौकी कुल 14 गांवों और 13 मजरों की लगभग 60 हजार जनसंख्या को कवर करेगी । इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जल्द ही पुलिस चौकी का निर्माण कार्य पूरा करा लिया जायेगा ।



# वर्तमान ग्राम प्रधान ने पूर्व ग्राम प्रधान पर ग्राम प्रधान ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा करने का लगाया आरोप

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

**बांदा** - पूर्व ग्राम प्रधान ने किया ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा वर्तमान प्रधान ने मंडलायुक्त के दिया शिकायती पत्र। वर्तमान ग्राम प्रधान ने बताया की पूर्व प्रधान के द्वारा ग्राम समाज की जमीन में अवैध कब्जा करके दो मंजिला मकान बनवा लिया गया है। कुछ बाकी जमीन में तार लगाकर के घेराव करा लिया गया है। वर्तमान प्रधान ने बताया कि गांव में पंचायत घर का निर्माण कराना है। और कहीं भी कोई सरकारी जमीन खाली नहीं है। प्रधान के द्वारा बताया गया कि इससे पहले भी जिलाधिकारी बांदा को इसकी जानकारी दी गई थी जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा आदेश दिया गया था, की गांव समाज की जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए लेकिन अभी तक न तो स्थलीय निरीक्षण किया नही अवैध कब्जा हटवाया गया।आपको बता दें कि मामला बांदा जनपद के पैलानी तहसील अंतर्गत चंदवारा गांव का है। जहां पर ग्राम प्रधान ने मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा के समक्ष शिकायती पत्र दिया। बताया की दबंग किस्म का पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र सिंह परिहार पुत्र स्व० रामदास द्वारा अनाधिकृत तरिके से दो मंजिला पक्का मकान बनाकर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है, शेष रकबे में तार बाड लगाकर अवैध कब्जा किये हुये है। जिलाधिकारी, बांदा के यहां दिये गये प्रार्थना पत्र पर उप जिलाधिकारी, पैलानी व तहसीलदार, पैलानी को जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया था। टीम के साथ जाकर स्थलीय निरीक्षण व जांच कर अवैध निर्माण को खाली कराया जाय, किन्तु आज तक स्थलीय जांच व निरीक्षण नहीं किया गया और न ही अवैध निर्माण से पंचायत घर की भूमि को मुक्त कराया गया। जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट आदेश है कि दबंग एवं माफिया व्यक्तियों द्वारा यदि सरकारी जमींन एवं किसी गरीब की जमीन पर कब्जा करते हैं, तो उसे प्रशासन तत्काल खाली करायें, ग्राम प्रधान चंदवारा के अनुसार सरकारी जमींन को दबंगों से खाली कराने हेतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।



## यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन

दैनिक समाज जागरण बहजोई ।

यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा अभियान के अंतर्गत फवारा चौक चंदौसी से सुभाष रोड पर अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया तथा हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम के सामने खड़े वाहनों के पेपर चेक किए गए, एंबुलेंस के फिटनेस तथा अन्य डाक्यूमेंट्स चेक किए गए, एंबुलेंस चालकों को यातायात नियम पालन करने के लिए प्रेरित किया गया तथा एंबुलेंस के सभी पेपर को अप टू डेट रखने के लिए बताया गया अभियान के अंतर्गत डबल फाटक चंदौसी मैं मंडी साइड पर लगे अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया इसी अभियान के अंतर्गत अन्य स्थानों पर यातायात पुलिस के ड्यूटी प्वाइंटों पर लगे कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने चौराहों के आसपास का अस्थाई अतिक्रमण हटवाते हुए यातायात नियम उलंघन करने वाले 46 वाहनों के चालान एमवी एक्ट के अंतर्गत किए गए



## तेज रफ़्तार स्कार्पियो गाड़ी ने बाइक सवार को रौंदा,एक की मौत

दैनिक समाज जागरण/बहजोई

तेज रफ़्तार स्कार्पियो गाड़ी ने दो बाइक पर सवार युवकों को रौंद डाला जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा युवक घायल हो गया जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बहजोई कोतवाली क्षेत्र के गांव भवन निवासी निशांत पुत्र अजय पाल और उसका साथी गांव निवासी नीरज पुत्र देवकरन दोनो बाइक पर सवार होकर बहजोई से डीजल लेकर वापस गांव भवन लौट रहे थे जैसे ही बाइक गांव भवन के लिए मोड़ी तभी बहजोई की तरफ से तेज रफ्तार स्कार्पियो गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे दोनो बाइक सवार दूर जाकर गिर गए । सड़क पर टहल रहे ग्रामीणों ने आनन फानन में कार चालक को पकड़ लिया और दोनो घायलों को एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल बहजोई भेज दिया । सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनो वाहन अपनी गिरफ्त में लेकर थाने में भिजवा दिया।दोनो घायलों में एक घायल निशांत पुत्र अजय पाल को मृत घोषित कर दिया और दूसरे युवक नीरज की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया।पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर स्कार्पियो गाड़ी और चालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए शव पीएम को भेज दिया ।



## कानपुर में पाकिस्तान से आतंकी धमकी के बाद बढ़ाई सूफी खानकाह एसोसिएशन अध्यक्ष की सुरक्षा

*– पाकिस्तानी बरेलवी कट्टरपंथी मुल्ला आसिफ अशरफ जलाली ने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया वीडियो रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी*

**सुनील बाजपेई कानपुर ।** यहां सूफी खानकाह एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद कौसर मजीदी को पाकिस्तानी आतंकवादी दवारा जान से मारने की धमकियां मिल रहीं। ऐसी ही एक और धमकी के बाद यहां की कमिश्नरेट पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें यह धमकी पाकिस्तानी बरेलवी कट्टरपंथी मुल्ला आसिफ अशरफ जलाली ने दी है। इसके लिए उसने बीते शनिवार रात साढ़े नौ बजे अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो भी अपलोड किया है। साथ ही एक धमकी भरा कॉल भी आया है। मजीदी का दावा है कि कॉल करने वाला जलाली का समर्थक है। जो पाकिस्तान का रहने वाला है।

पुलिस के मुताबिक कट्टर पंथियों के खिलाफ बोलने वाले कौसर मजीदी को एक सप्ताह में तीसरी बार धमकी मिली है। यही नहीं धमकी देने वाले आसिफ अशरफ जलाली ने अपने यूट्यूब पर अपलोड किए गए वीडियो में भारत में एक पाकिस्तान बनाने की भी बात कही है। इसमें उसने प्रधानमंत्री मोदी का भी नाम लिया है। तमाम तरह की अभद्र व आपत्तिजनक बातें भी कहीं। इसी दौरान मजीदी को भी धमकाया। अवगत कराते चलें कि जलाली तहरीक-ए-लब्बैक संगठन का संस्थापक है। 1997 में आतंकवादी निरोधी कानून के तहत इस पर पाबंदी भी लगाई जा चुकी है। जलाली ने कहा कि सूफी खानकाह संगठन हिंदुओं की गोद में बैठने वाला संगठन है। यह मुसलमानों का दुश्मन है। वहीं एसीपी बाबूपुरवा आलोक कुमार सिंह ने बताया कि सभी मामलों की जांच की जा रही है। साइबर सेल व सर्विलांस टीम भी लगी है। इस मामले में जूही थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर की शुरूआती जांच में पता चला कि इंटरनेट कॉल आईपी एड्रेस हैक कर की गई। जिससे सही आईपी एड्रेस की जानकारी न मिल पाए।

पुलिस के मुताबिक शायद इसी वजह से कॉल ट्रेस नहीं हो पा रही है। हालांकि जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि धमकी पाकिस्तान से ही दी गई है। पुलिस मामले की जांच बहुत गहराई से कर रही है।

## दबंगों के हौसले बुलंद दबंगों ने घर में घुस कर दो युवकों को बेरहमी से पीटा

(संवाददाता)विवेक कुमार! मोहनलालगंज लखनऊ।

मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के बेंदौआ गांव में बेखौफ दबंगों ने दो युवकों की घर में घुसकर पिटाई कर दी। घटना के बाद आरोपियों ने घर का सारा सामान तोड़ फोड़ डाला और साथ ही उनको जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के बेंदौआ गांव निवासी रामसुख साहू पुत्र स्व. गुरुदीन ने बताया कि रविवार देर रात दबंग अखिलेश, दिनेश, कमलेश और उमेश मेरे घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। जब हमारे किराएदार सूरज सिंह पटेल व शांतनु सिंह ने विरोध किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। और घर का सारा सामान तोड़फोड़ डाला। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जब शोरगुल सुनकर गांव वाले एकत्र होने लगे। तो जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।



22 may 2022:Layout 1 7/5/2022 1:41 AM Page 6



## बारात गए युवक को बांधकर पीटा

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:**

बारात गए युवक को गुटका खिलाने के बहाने सुनसान में ले जाकर बांधकर बेरहमी से पीटा। आधी रात के बाद सुनसान में उसे फेंककर भाग निकले। युवक किसी तरह थाने पहुंचा तो पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भिटारी निवासी नीरज पटेल (25) पुत्र गणेश पटेल रविवार को गांव से रिश्तेदार की बारात में शामिल होने महेशगंज थाना क्षेत्र के बदली का पुरवा गांव गया था। रात करीब दो बजे गांव के ही कुछ दोस्त उसे गुटका खिलाने के बहाने घर से दूर सुनसान में ले गए। उसी के अंगौछे से बांधकर उसे बेरहमी से पीटा, अधमरा कर सुनसान में ही छोड़कर भाग निकले। किसी तरह वह थाने पहुंच कर पूरी बात बताई तो पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। मामले को लेकर चर्चा रही, युवक का कहना है कि वह लोग फर्जी चोरी का आरोप लगाकर उसे पीटे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीच रास्ते में गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुआ हंगामा, मामला दर्ज

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:**

रास्ते में गाड़ी खड़ी कर देने से नाराज लोगों ने आरोपित के घर हंगामा किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। हथिगवां थाना क्षेत्र के जहानाबाद निवासी अनूप कुमार पुत्र फूलंचद रविवार को गांव के जाने वाले रास्ते पर अपनी गाड़ी खड़ी कर कहीं काम में व्यस्त हो गया। गांव के कुछ लोगों अपनी कार से आए तो रास्ते में गाड़ी खड़ी देख काफी देर तक हार्न बजाते रहे। काफी देर बाद युवक आया तो गाड़ी हटाई। इसी बात से नाराज लोगों ने युवक के घर हंगामा किया। लोगों का गुस्सा देख वह घर के भीतर घुस गया तो आरोपित दरवाजा पीटने लगे। मामले का विडियो शोसल मीडिया पर वायरल होने पर हड़कम्प मच गया। पुलिस ने पीड़ित अनूप कुमार की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## बीमारी से तंग आकर महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:**

लंबे दिनों से बीमार चल रही महिला तंग आकर ट्रेन के सामने कूद गई। महिला के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।मानिकपुर क्षेत्र के खोजवा तिवारीपुर गांव निवासी सुनील कुमार पटेल की पत्नी प्रेमा देवी (30) काफी दिनों से बीमार चल रही थी। काफी दवा कराने के बाद भी उसे आराम नहीं मिल रहा था। उसका बेटा सुनील आम लेकर प्रयागराज मंडी चला गया तो प्रेमा दोपहर में घर से निकली। गांव के सामने से निकली रेलवे लाइन किनारे पहुंची। कानपुर से प्रयागराज जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसे ही नजदीक आई प्रेमा उसके सामने कूद गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रेमा की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दरोगा सुनील कुमार गुप्ता मौके पर पुहंचे, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

### बहन से की अभद्रता व मारपीट, भाई ने दिया तहरीर '

**अरुण कुमार शुक्ल स सु सांगीपुर,**, स्थानीय थाना के पूरेबक्सी राजमतीपुर गाँव निवासी विनय वर्मा पुत्र राम कुमार वर्मा ने सोमवार को थाने मे तहरीर देते हुये आरोप लगाया है कि सोमवार सुबह लगभग साढे सात बजेअपने दरवाजे पर मेरी बहन खुशबू खडी थी इतने मे गाँव के मंगल पुत्र रामकुमार वर्मा आकर उसके साथ अभद्रता किया, जिससे मेरे पिता व भाई रवि अरोपी रामबरन के यहाँ उलाहना देने गये ' तो उनके पूछते ही सौरभ पुत्र सुभाष, सुभाष, रामसुमेर रामकुमार पुत्रगड पंचम वर्मा सुमन पत्नी सुभाष मंगल पुत्र रामकुमार ,प्रदीप पुत्र अग्यात व एक लोग अग्यात एक राय होकर भददी भददी गाली देते हुये लाठी डंडा से पिता व भाई को मारने पीटने लगे और दोनो लोग वही घायल होकर वेहोस हालत मे गिर गये ' हल्ला गुहार लगाने पर बहन सुमित्रा, खुशबू ,नीलम व मेरी माँ छुडाने गयी तो उन्हे भी मार कर घायल कर दिया '

## बकरीद त्यौहार को लेकर कोखराज थाने में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कोखराज कौशाम्बी आगामी बकरीद के त्यौहार को लेकर कोखराज थाने में सीओ सिराथू व चायल तहसीलदार के नेतृत्व में पीस कमेटी की मीटिंग हुई बैठक में सीओ चायल ने स्पष्ट कहा है कि खुले स्थान पर कुबार्नी नहीं की जाएगी घर के अंदर कुबार्नी करें। थाना कोखराज में बकरीद के त्योहार को लेकर क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई इस मौके पर एसओ कोखराज गणेश प्रसाद सिंह चौकी प्रभारी हरर्राय पुर राकेश रॉय, चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार सिंह एसआई महेंद्र सिंह, आदि लोग उपस्थिति रहे जिसमें कोखराज एसओ ने कहा कि सभी अपने अपने घरों में ही कुबार्नी करें खुली जगह पर कुबार्नी न हो उन्होंने कहा कि इसकी शिकयत मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।।

## कांग्रेस एम एल सी दीपक सिंह सड़क से लेकर सदन

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी।।कांग्रेस एमएलसी दीपक सिंह जिन्होंने सड़क से लेकर सदन तक आमजन मानस की समस्यायों को लेकर संघर्ष करने का काम किया, उसी समस्या में आज एक जनप्रतिनिधियों की बड़ी समस्या का निवारण सरकार द्वारा किया गया। अभी हाल ही में माननीय एमएलसी दीपक भैया द्वारा अभी पूरे सदन में मनरेगा के अंतर्गत प्रधानों के लंबित सामग्री अंश के भुगतान का मुद्दा सदन में उठाया था जिसको लेकर आज जिले के सभी प्रधानों के मनरेगा में लंबित भुगतान को प्रशासन द्वारा खाते में निर्गत किया गया।वही जिले के सभी जनप्रतिनिधियों ने एमएलसी दीपक भैया का बहुत बहुत आभार प्रगट किया है।

## *पद ग्रहण करते ही* *जनसुनवाई में जुटे नए एसएसपी

**राबेद्र शुक्ला जिला ब्यूरो दैनिक समाज जागरण**



प्रयागराज। नए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान पुलिस कार्यालय में जनपद के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वहीं एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनी गयी तथा निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## सीएम साहब आखिर जगदीशपुर कोतवाल पर क्यों मेहरबान हैं उच्च अधिकारी

### ऊंची रसूख के चलते एक ही स्थान पर जमें है कोतवाल

**समाज जागरण**
**मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**



जगदीशपुर -अमेठी ।कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने में आलाधिकारियों की अहम भूमिका होती है और जब जिम्मेदार ही कानून की धज्जियां उड़ा कर मनमानी करने लगे तो यह समझ लेना कि कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। अमेठी जनपद की जगदीशपुर कोतवाली जो चर्चित कोतवाली में शुमार की जाती है इस कोतवाली में पोस्टिंग कराने के लिए एड़ीचोटी का जोर लगाना पड़ता है पोस्टिंग पाने के बाद कोतवाली को अपनी बपौती समझ लेते हैं याकि सत्ता पक्ष के दबाव में आलाधिकारी हाथ डालना मुनासिब नहीं समझते या फिर ज़िले में तेज तर्रार व काबिल इंस्पेक्टरो की कमी है अथवा वर्तमान कोतवाल की मजबूत पकड़ जिसके कारण पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में जहां तमाम थानाध्यक्षो के कार्य क्षेत्र में फेरबदल होने के बावजूद अक्सर आरोपो से घिरे रहने वाले कोतवाल अपनी कुर्सी बचाने में सफल हो जाते हैं जी हां आजकल लोगों के बीच ऐसी चचाओं का बाजार गर्म है । लोगो के बीच होने वाली चचाओं के मुताबिक पिछले डेढ़ वर्ष में विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से समय समय पर तबादला एक्सप्रेस चलाई जाती है जिसके क्रम में जनपद के लगभग हर थाने में फेरबदल किया जा चुका है । परंतु हर बार किसी न किसी तरह वर्तमान कोतवाल जगदीशपुर अरूण द्विवेदी तबादला एक्सप्रेस की जद से बाहर हो जाते हैं।

**आखिर क्या अरुण द्विवेदी के अलावा कोई और नहीं है इस कोतवाली के काबिल------**

जगदीशपुर में होने वाली चचाओं पर गौर किया जाए तो यही बात निकलकर सामने आती है कि पिछले डेढ़ वर्षो में क्षेत्राधिकारियों से लेकर लगभग हर थाने में थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में कई बार बदलाव हो चुके हैं लेकिन कोतवाल जगदीशपुर अरुण द्विवेदी पूरी शिद्दत से कोतवाल की कुर्सी पर जमे हुए हैं चर्चा तो यहां तक है कि वर्तमान कोतवाल की पकड़ काफी ऊपर तक है जिसके चलते हर बार तबादला एक्सप्रेस की जद में आने से बच जाते हैं ।सीएम साहब आखिर क्या कारण है कि सत्ता पक्ष के नेता व उच्च अधिकारी इन्हें बचाने में सफल रहते हैं ?

**अपनी मनमानी के चलते आए दिन विवादो में घिरे रहते है कोतवाल –**

जगदीशपुर कोतवाल आए दिन किसी न किसी मामले में घिरे होने के कारण विभिन्न अखबारों के पन्नों पर अपनी चमक बिखेरे रहते हैं सत्ता पक्ष में अपनी ऊंची पकड़ का दंभ भरने वाले वर्तमान कोतवाल जो एक ही स्थान पर लगभग पिछले डेढ़ वर्षो से बरकरार है फिर भी आरोप पर आरोप लग रहे हैं परन्तु उच्च अधिकारियों द्वारा उन्हें हमेशा अभयदान ही मिलता रहा है जिसके कारण उनकी मनमानी का दायरा भी बढ़ता जा रहा है ।

**क्या नवागत पुलिस कप्तान करेंगे फेरबदल–**

कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए समय समय पर शासन प्रशासन द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर पारदर्शिता लाने का प्रयास किया जाता है परन्तु मलाईदार कुर्सी पर पिछले डेढ़ वर्षो से कोई फेरबदल न होना लोगों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है अब नवागत पुलिस कप्तान इलामारन कोई फेरबदल करते हैं कि नहीं फिलहाल यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि कौन भारी पड़ रहा है?

## प्राथमिक विद्यालय बच्चों के साथ ब्लॉक प्रमुख ने बेटी का जन्मदिन मनाया

### *बेटी पढाओ, बेटी बचाओ के नारे के स्वशक्तिकरण पर जोर*

**समाज जागरण**
**मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**




अमेठी।- जनपद के विकास खंड भेटुआ ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ला अपने पत्नी जयावाहिनी शुक्ला अपनी बेटी का पहला जन्मदिन आज अनोखे अंदाज में मनाया। बेटी के पहले जन्मदिन के अवसर पर आज उन्होंने विकास खंड भेटुआ के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भेटुआ में पढ़ने वाले बच्चों के साथ बेटी का जन्मदिन केक काटकर मनाया।इसके साथ ही उन्होंने वहा पढ़ने वाले बच्चों को उपहार भी प्रदान किए। जहा एक तरह नन्ही बच्ची को जन्मदिन पर लोग बधाई देने के साथ मुंह में केक लगा रहे थे तो वही दूसरी तरफ उपहार पाने वाले नौनिहाल बच्चो में भी काफी खुशी देखी जा रही थी।ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ला ने कहा की बेटी का जन्मदिन हमारे द्वारा ऐसे ही किसी विद्यालय में ही मनाया जायेगा। और आज हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है की बेटी का जन्मदिन इन नौनिहाल बच्चो के साथ मानने का मौका मिला है। जो इस जन्मदिन की खुशी में चार चाद लगाने का कार्य कर रहे है।वही इस अवसर पर प्रमुख की पत्नी जयावाहिनी शुक्ला ने बताया की लोग अपने बच्चो का जन्मदिन किसी बड़े होटल में आयोजित करते है लेकिन आज इन बच्चो के साथ जन्मदिन मनाने की खुशी ही अलग है ।क्योंकि किसी भी बड़े होटल या कही भी इतने बच्चो की खुशी व मुस्कान मिल पाना कठिन है।कार्यक्रम के इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी संतोष यादव,अनेक शिक्षक,शुभम,विपिन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सफाई अभियान से दूर शहर, जिम्मेदार भग रहे सफाई से

**समाज जागरण**
**मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**



अमेठी। नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो चली है। जगह-जगह जल निकासी जल भराव बनी हुई है। शहर के लोग शिकायत करते है। लेकिन जिम्मेदार कौन है। क्योकि सफाई मोहल्ले की नही हो रही है। आदर्श नगर पंचायत अमेठी के मोहल्ले सरवनपुर, चाणक्य पुरी, समादिया मोहल्ला, कायस्थाना मोहल्ला, पुराना रायपुर, गंगा गंज मोहल्ला, की नाली की सफाई राम भरोसे है।

नगर पंचायत के अन्तू रोड, स्टेशन रोड, ककवा रोड, सगरा रोड, मुंशीगंज रोड, धम्मौर रोड दुगार्पुर रोड, आदि की सफाई व्यवस्था चरमरा गयी है ।कूडा करकट जगह जगह ढेर लगा है।

सरकारी बिभाग के तहसील परिसर, थाना कोतवाली परिसर, उप कोषागार परिसर, बस स्टेशन अमेठी परिसर, तहसील आवासीय कालोनी, ब्लाक कालोनी परिसर, पावर हाऊस अमेठी परिसर, जल निगम कालोनी परिसर, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय परिसर आदि सफाई अभियान से परे है। निरीक्षण भी अधिकारी की फौज नही करती ।पुराने इमारत का यह हाल है। तो नये कार्यालय के स्थापना की कौन मांग करेगा।

सभासद चुन्नू अग्रहरि, रीना जायसवाल आदि का कहना कि चेयरमैन को इन काम के लिए फुर्सत नही है। सभासद की बात सुनी नही जाती है। सफाई अभियान ठहर गया है। सफाई व्यवस्था चौपट है।

अधिशाषी अधिकारी सुरजीत सिंह का कहना कि शासन का फरमान आया है। शीघ्र सफाई होगी। सरकारी कार्यालय परिसर, सड़क, नाली सफाई के लिए अभियान चलेगा। इससे कोई समझौता नही होगा। सभासद की बात सुनी जायेगी।

## अमेठी समाधान दिवस मे बुजुर्क का फोटो वायरल

**समाज जागरण**
**मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**



उत्तर प्रदेश के अमेठी में समाधान दिवस में आए एक बुजुर्ग की जमीन पर बैठे हुए फोटो वायरल हो रही थी। जिसको कुछ पत्रकारों द्वारा ट्विटर पर ट्वीट भी किया गया था। जिसमे डीएम अमेठी के ट्विटर हैंडल से जवाब दिया गया कि उपरोक्त फोटो एक पत्रकार द्वारा जानबूझ कर खींची गई थी। डीएम ने यह कहा था कि बुजुर्ग को जमीन पर बैठा देख वहा मौजूद स्टाफ ने उसे जमीन पर बैठा देख उसे फौरन कुर्सी पर बैठाया था। आज उस बुजुर्ग ने कैमरे पर आकर अपनी आपबीती बताई।

मामला अमेठी जिले के तिलोई तहसील का है। जहां तहसील दिवस में आए बुजुर्ग महादेव की जमीन पर बैठे हुए फोटो वायरल हुई थी। जिसको कुछ पत्रकारों ने ट्विटर पर ट्वीट किया था। जिस पर डीएम अमेठी के ट्विटर हैंडल द्वारा जवाब में बताया गया कि तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायत लेकर आए बुजुर्ग को पत्रकार द्वारा सभागार में जमीन पर बैठा कर फोटो लेकर वायरल किया गया। जैसा की फोटो देखने से स्पष्ट है कि बुजुर्ग कैमरे की तरफ देख रहा है। बुजुर्ग को वहा से उठाकर तत्काल कुर्सी पर बैठाया गया।

फोटो वार और ट्विटर पर हाट-टाक होने के बाद अब बुजुर्ग महादेव ने कैमरे पर आकर पूरी आपबीती सुनाई है। महादेव ने बताया कि तहसील दिवस में दरखास्त देने गया था। काफी देर तक इन्तेजार करने के बाद जब हमारे पैर में दर्द होने लगा तो हम वहीं जमीन पर बैठ गये। पिछले 15 सालो से मैं अपने खेत के एक मामले में चक्कर काट रहा हूं। हमारी दो जमीन है जिसका नंबर 503 व 504 ख है। 503 नंबर की जो जमीन है वो तो हमारे पास है लेकिन जो 504 ख की जो जमीन थी उसको खारिज करके सरकारी कर्मचारियों ने दूसरे को नाप दिया। जिसका मुकदमा चल रहा है। जब सुनवाई होने को होती है तो किसी दिन वकील हड़ताल पर चले जाते है तो किसी दिन साहब छुट्टी पर। उसी सम्बन्ध में कल हम दरखास्त देने गये थे। साहब को दरखास्त देने के बाद मैं वहीं पर बैठ गया। अब अंतिम समय है तो ज्यादा देर तक खड़ा नही हुआ जाता।

## गौ संरक्षण केंद्र के निर्माण में धांधली ही धांधली।

### *ठेकेदार का मैनेजमेंट या सिस्टम का नकारा पन जो भी है बेहद शर्मनाक।*

**एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण**

कौशांबी नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में ठेकेदार मनमानी पर उतारू है घटिया क्वालिटी से निर्माण कराए जा रहे हैं एक तरफ निर्माण हो रहे दूसरी तरफ निर्माण ध्वस्त हो रहे हैं लेकिन नगरपालिका के जिम्मेदार ठेकेदारों पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं घटिया निर्माण में लगे ठेकेदारों का मैनेजमेंट है या सिस्टम का नकारा पन जो भी है बेहद शर्मनाक है योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का संकल्प अधिकारियों को दिला रही है लेकिन उनके सरकार में ठेकेदारों पर सिस्टम मेहरबान है निर्माण कार्यों की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में है अधिकारियों को जांच करवानी चाहिए लेकिन सिस्टम के बीच कथित भाजपाई बिचौलिए बने हुए हैं निर्माण कार्यों में धांधली का यह मामला ठेकेदारों का मैनेजमेंट का है या सिस्टम का नकारा पन है लेकिन जो भी है बेहद शर्मनाक है।

नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा टेन में विशाल गौ संरक्षण केंद्र के भवन का निर्माण कराया जा रहा है इस भवन के निर्माण में जमकर धांधली हो रही है तीसरे दर्जे की घटिया क्वालिटी के पटसेम ईट से गौ संरक्षण केंद्र का निर्माण बेखौफ तरीके से हो रहा है गौ संरक्षण केंद्र के निर्माण में लगाई जाने वाली ईट को जमीन पर पटकते ही चूर-चूर हो जाती है सीमेंट बालू के मिश्रण में भी मानक के अनुसार सामग्री नहीं मिलाई जा रही है मामले की शिकायत नगर पालिका से ग्रामीणों ने की लेकिन नगरपालिका के अधिकारी घटिया निर्माण पर रोक लगाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं करोड़ों के निर्माण पर नगर पालिका के अधिकारियों की विश्वासनीयता संदेह के घेरे में है कई दिन से काम लगे होने के बाद अधिकारियों ने घटिया निर्माण पर जांच नहीं कराई है इसके पहले भी नगरपालिका के कस्बा क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा कई कार्य किए गए हैं जिनमें मानक की खुलकर धज्जियां उड़ाई गई हैं ठेकेदारों के मैनेजमेंट के आगे योगी सरकार का सिस्टम फेल दिखाई पड़ा है ठेकेदारों पर सिस्टम मेहरबान है कथित भाजपाई बिचौलिए की भूमिका निभा रहे हैं जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को वह बचाने उतर आते हैं नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की जरूरत है यदि शासन ने मामले को गंभीरता से लिया तो नगर पालिका के भ्रष्टाचार के कारनामों की कलाई परत दर परत खुलेगी.।

## स्मृति चिन्ह दे कर न्यायिक अधिकारियों का सम्मान पूर्वक हुआ विदाई समारोह।

**एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण**



कौशाम्बी उच्च न्यायालय द्वारा न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया जिस पर मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने न्यायिक अधिकारियों को इस अमृत चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान पूर्वक विदाई किया है इस मौके पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों के कानून प्रिया कार्यों की सराहना की है न्यायिक अधिकारी दिनेश तिवारी न्यायिक अधिकारी श्रीमती बीना नारायण न्यायिक अधिकारी योगेश व न्यायिक अधिकारी विजय कुमार का अन्य जनपद स्थान्तरण होने के कारण मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन कौशाम्बी ने विदाई समारोह का आयोजन का कार्यक्रम जिला जज के मीटिंग हाल में समय 4 बजे आयोजित किया गया इस मौके पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनु देव त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा महामंत्री तुषार तिवारी सहित मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण व विद्वान अधिवकता गण उपस्थित रहे।

## रिद्धि सिद्धि अकादमी का हृदय कर्णिका रिद्धि सिद्धि के कर कमलों से हुआ भव्य शुभारंभ.....

### *पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा रिद्धि सिद्धि अकादमी।।*

**एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण**



कौशाम्बी भरवारी स्थित रिद्धि सिद्धि अकादमी की स्थापना आज पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता की पुत्रियां हृदय कणिका रिद्धि सिद्धि के कर कमलों के द्वारा हुआ इस भव्य समारोह की साक्षी कौशांबी की जनता हुई आज पूरे जिले से इस उद्घाटन को आरंभ करने के लिए स्कूलों के प्रबंधक प्राचार्य छात्र एवं छात्राएं आदि उपस्थित रह करके रिद्धि सिद्धि अकादमी की स्थापना को बड़े उत्साह के साथ इसका स्वागत किया कौशांबी के लिए यह एक बहुत बड़ा दिन रहा क्योंकि इस प्रकार के एकेडमी की स्थापना छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य को मजबूत स्तंभ प्रदान करेंगी क्योंकि जहां छात्र एवं छात्राएं दूरदराज अध्ययन के लिए जाते हैं और हर प्रकार की मुसीबतों का सामना करते हैं इस प्रकार की स्थापना बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी संस्थान में एक दिवसीय प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं जैसे एसएससी,जीडी, यूपीपी, यूपीएसआई, टेट,सुपर टेट, पेट, एसएसबी, एनडीए, सीडीएस, एयरफोर्स, नेवी, एएफसीएटी, एमएनएस के साथ-साथ जी मेंस, एडवांस आईआईटी जी, नीट फॉर मेडिकल कोर्सेज के साथ-साथ फाउंडेशन एवं प्री फाउंडेशन की क्लासेस उपलब्ध है इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि येन केन प्रकारेण डिग्री प्राप्त करना कभी भी शिक्षा की मजबूत नींव व सुनहरे भविष्य का निर्माण नहीं कर सकता शिक्षा की नीव सतत परिश्रम और योग्य शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाओं की शिक्षण व्यवस्था से है। इस प्रयोजन हेतु रिद्धि सिद्धि अकैडमी प्रतिबद्ध है। और सदैव छात्रों के हित में कार्य करती रहेगी। इस मौके पर केपीएस फाउंडर देव बाबू गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कौशांबी हेमराज मीणा नगर पालिका परिषद प्रशासक दीपेंद्र यादव पिंटू कुशवाहा संस्थान के डायरेक्टर डॉ मयंक कुमार मिश्रा, केपीएस प्रिंसिपल विजय चौहान, केपीएस वाइस प्रिंसिपल रत्नाकर शर्मा, किडजी प्रिंसिपल अनूपमा जायसवाल, एनडी वाइस प्रिंसिपल गायत्री चावला, सूरज यादव, सचिन त्रिपाठी, साथ ही साथ योगेश मौर्या, पितांबर लाल केसरवानी, गंगा प्रसाद,जगदीश शिवहरे रामनरेश पासी, पवन त्रिपाठी,समाज सेवी पिंटू जयसवाल,रमेश अग्रहरी, पिंटू कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में सम्मानित गण उपस्थित रहे।

## शातिर लुटेरे बैंको के पास भोले भाले ग्रामीणों को बेवकूफ बनाकर उनके रुपए लूट कर हो जाते थे फरार।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान पांच लुटेरे गिरफ्तार।

### *क्रासर पकड़े गए लुटेरों के पास से दो बोलेरो गाड़ी,एक बाइक तमन्चा और 28200 रुपए बरामद।*

**एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण**




कौशाम्बी पुलिस ने लूट करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बोलेरो गाड़ी बाइक तमंचा और 28000 नगद बरामद किया है पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया है लुटेरों को पकड़ने गई पुलिस से बदमाशों की मुठभेड़ हो गई है बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की है बचाव में पुलिस टीम ने भी बदमाशों पर फायरिंग पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।।

जिले में बैंको के पास भोले भाले ग्रामीणों को बेवकूफ बनाकर टप्पेबाजी कर लूट करने वाले गिरोह के 5 सदस्यो को पुलिस और एसओजी की टीम ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है ।लुटेरो के पास से पुलिस ने लूट की घटना में शामिल दो बोलेरो गाड़ी,एक बाइक और 28200 रुपए बरामद किए है,पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। जिले के करारी,सराय अकिल थाना और होलागढ़ प्रयागराज के थानों में दर्ज लूट और टप्पेबाजी के मामले में यह शातिर वांछित चल रहे थे। लुटेरे गैंग के एक आरोपी रमेश ने बताया कि कुछ साल पहले उसकी और उसके भाई की कुल जमा पूंजी एक लाख रुपए इसी प्रकार किसी टप्पेबाज ने टप्पेबाजी कर लूट लिया ।जिसके बाद उसने एक टीम बनाई और टप्पेबाजी शुरू कर दी ।एसपी हेमराज मीणा ने प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा करते हुएं बताया कि यह शातिर लुटेरे बैंको के पास भोले भाले ग्रामीणों को बेवकूफ बनाकर उनके रुपए लूट कर फरार हो जाते थे ।पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर एसओजी टीम को लगाया गया ।एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा गांव के पास मुठभेड़ के बाद प्रतापगढ़ जनपद के रमेश कुमार,चंद्रकेश,राजेंद्र,करण कुमार और रोहित सरोज को गिरफ्तार कर लिया है।

## मुंशीगंज बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च करती पुलिस



समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी मुंशीगंज अमेठी अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस उपाधीक्षक मंयक द्विवेदी व पुलिस उपाधीक्षक गौरव सिंह द्वारा मिशन शक्ति " नारी सुरक्षा / नारी सम्मान / नारी स्वावलबंन के दृष्टिगत महिलाओं एव बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य तथा आम जनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने का उद्देश्य से पुलिस बल के साथ थाना मुंशीगंज में बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा विशेष चेकिंन अभियान चलाकर मुख्य मार्गो , हाइवे ,चौराहो आदिस्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों / वाहनों की चेकिंग की गयी।

# टेम्पू और बाइक की जोड़दार टक्कर में एक की हुई मौत दूसरा बुरी तरह जख्मी।

समाज जागरण चौतरवा कुन्दन यादव

बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा हरहा नदी पुल के समीप हुई टेम्पो और बाईक की आमने सामने जोरदार टक्कर में दो व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें स्थानीय चौतरवा थाना की पुलिस ने मौके पर पहुँच कर दोनों घायलों को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भेजा। जहाँ रास्ते मे ही एक कि मौत हो गई है जबकि दूसरा घायल है। वही मौका देखकर टेम्पो चालक टेम्पो लेकर फरार हो गया है। बताया जा रहा है कि चौतरवा से बाइक पर बैठ कर दोनो व्यक्ति धनहा किसी रिश्तेदार के यहाँ जा रहे थे कि अचानक बाइक और टेम्पो की आमने सामने दुर्घटना हो गई है। बाइक का रजिस्ट्रेशन नम्बर बी आर 22 ए क्यू 4171 हौंडा साइन है। चिकित्सक डॉक्टर ए० के० तिवारी ने एक को मृत घोषित किया है जिसकी पहचान बेतिया सुकवा टोला निवासी अशोक पटेल के रूप में की गई है। वही घायल व्यक्ति की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के अहिरौलिया गांव निवासी घूरा पटेल उम्र करीब 65 वर्ष के रूप में की गई है। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया है।



# रामनगर पुलिस शराब को लेकर शख्ती से कर रही करवाई

समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा

शराबीयों और पियक्कड कर्मचारियों की अब खैर नहीं। शराब पर लगतार छापेमारी कर रही पुलिस की टीम!! शराब कारोबारी और शराबी हो जाए सावधान!

खबर रामनगर से है। जहां गुप्त सूचना पर पुलिस ने सबुनी पोखरा के समीप बगीचे में छापेमारी की। वहां मौके से 8 पीएम टेट्रा पैक के 73 पीस बरामद किया । वही धंधेबाज अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। 180 एम एल के सभी टेट्रा पैको से कुल 13 लीटर शराब मिली । ये शराब फल के डब्बे में बंद की हुई थी। पुलिस को देख धंधेबाज चकमा देकर अंधेरे मे फरार हो गया। पुलिस ने रामनगर के सबुनी चौक निवासी धंधेबाज अनिल जयसवाल पर प्रथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हैं ।वही रामनगर थाना ने शुक्रवार को रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ड्रग डाटा इंट्री ऑपरेटर गगनदेव प्रसाद को नगर के रामजानकी चौक पर शराब के नशे मे हंगामा करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया था!



## नवप्रशिक्षित शिक्षक के एरियर भुगतान को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला शिष्टमंडल..!

समाज जागरण

मोतिहारी:परिवर्तनकारी शिक्षकमहासंघ के जिलाध्यक्ष-सूर्यकांत पाठक एवं शिक्षक संघ बिहार के जिलाध्यक्ष-सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व मे मिलकर एरियर भुगतान को लेकर किया गया विस्तृत चर्चा।

आज दिनांक:04-07-22 को नवप्रशिक्षित शिक्षकों के तीन वर्ष से बकाए अंतर वेतन भुगतान को लेकर शिक्षक नेताओं ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर लगाई गुहार।

सभी शिक्षक नेताओं की बातों को सुनकर डीईओ साहब ने तुरंत वेतन क्लर्क अमरेंद्र पाण्डेय को बुलाकर विस्तृत रूप से समझें तथा सभी शिक्षक नेताओं को आश्वस्त किए कि जून माह का वेतन भुगतान होने के पश्चात हम राशि की समीक्षा करेंगे फिर आपलोगो से परामर्श लेकर ही नवप्रशिक्षित शिक्षक का एरियर भुगतान करेंगे।




वार्ता के क्रम मे मुख्य रूप से बिहार प्रदेश प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी-मृत्युंजय ठाकुर जिला मीडिया प्रभारी-विनोद कुमार पाण्डेय ळएळ प्रखण्ड अध्यक्ष,चकिया-आदित्य मानस शिक्षक संघ बिहार के संगठन सचिव-शशिरंजन पाठक,जितेंद्र मिश्रा जिला संयोजक-बलिन्द्र सिंह चकिया से राघव रंजन,विकास कुमार,मो.मेराज,मनीष कुमार,राकेश कुमार सिंह आदि सामिल रहे।

## रामविलास पासवान के प्रतिमा का हुआ अनावरण

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

देश के दुसरे अम्बेडकर, पद्मभूषण पुर्व वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्री लोजपा एवं दलित सेना के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के 76 वें जयंती पर कर्मभूमि हाजीपुर में प्रतिमा अनावरण में गौड़ाबौराम विधानसभा क्षेत्र से प्रभाकर ठाकुर प्रदेश सचिव सह सहरसा जिला सह प्रभारी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे श्री प्रभाकर ठाकुर जी ने कहे स्वर्गीय रामविलास पासवान जी बेसहारा, वंचितों के मसीहा थे उन्होंने पुरे जिवन काल में जमात की बात करते थे खासकर बिकसीत बिहार का सपना देखते थे उनका उपलब्धि गिनाने में बर्षो लग जाएगा हमसभी ही नहीं देश सभी लोगों के मसीहा थे हमको बहुत नजदीक से जानने का मौका मिला 1998 ई से हम उनके साथ काम करते रहे हैं उनकी जितनी प्रसंसा की जय कम होगी आज सभी चाहे गरीब हो या अमीर सभी के हाथों मोबाईल उन्हीं का देन है हम सबों को अपना चिराग छोड़ गए हैं वही चिराग पासवान बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन एक दिन बिहार ही नहीं पुरे देश को चिराग की रोशनी से चमकाने का काम करेंगे



# विषैला सांप के काटने से हुई मौत

समाज जागरण मुरारी झा

गौड़ाबौराम विधानसभा क्षेत्र के बिरौल प्रखण्ड अन्तर्गत पड़री गाँव के दामोदर पासवान के 36 वर्षीय पुत्र रामबाबू पासवान को रात बिषैला सांप के काटने से अस्पताल ले जाने के क्रम में मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही लोजपा रामविलास के प्रदेश सचिव सह सहरसा जिला प्रभारी प्रभाकर ठाकुर जी मृतक के परिवार से मिले और परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री प्रभाकर ठाकुर ने कहा कि यह घटना अत्यंत पिड़ादायक हैं पांच छोटी छोटी बच्ची के पिता थे मृतक रामबाबु पासवान अत्यंत गरीब था परिवार का एक मृतक ही सहारा थे सरकार से हम मांग करते है मृतक के परिवार को अविलम्ब मदद मिलनी चाहिए जिससे परिवार का जिवन यापन हो सके। वही इस दुख के घड़ी में शशिकांत पासवान, अजय ठाकुर, उमेश मालाकार, चंद्र शेखर ठाकुर, सुजीत पासवान ने कहा हमलोग पीड़ित परिवार के साथ है।

# भारी मात्रा शराब समेत 06 बाईक जब्त 05 गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण
शिव कुमार / मधुबनी

मधुबनी जयनगर प्रभारी थाना अध्यक्ष बी डी राम के नेतृत्व में पुलिस बल के द्वारा अलग अलग मामलों में भारी मात्रा शराब 06 बाईक समेत 04 महिला औड्र एक व्यक्ति शराब तस्कर को गिरफ़्तार किया गया। प्रभारी थाना अध्यक्ष बीडी राम के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी दल एलटीएफ समेत पुलिस बल के कमला बांध और शहरी क्षेत्र मात्रा में तस्करी की शराब संग चार महिला शराब धंधेबाज समेत एक शराब तस्कर को तस्करी के शराब की खेफ के साथ चार महिला समेत एक व्यक्ति को शराब तस्करी के मामले के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस बल के द्वारा तस्करों की छह बाइक भी जब्त की गई। जयनगर थाना के एएलटीएफ प्रभारी सह एस आई विपिन कुमार सिंह , पुलिस पदाधिकारी रौशन कुमार , सुप्रिया कुमारी समेत पुलिस बल के द्वारा कमला बांध से 06 बाईक पर 13 बोरियों में लदे नेपाली देशी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार शराब



तस्कर आरोपी जयनगर थाना क्षेत्र बलुआ टोल वार्ड तीन निवासी परमेश्वर यादव का पुत्र उगन कुमार यादव बताया जाता है। वही शहरी क्षेत्र में 04 महिलाओं को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार महिलाओं के द्वारा शराब झोलों रखा गया पाया गया। शराब मामले गिरफ्तार आरोपी देवधा थाना क्षेत्र के अकौन्हा गांव निवासी रामचंद्र महरा की पत्नी पुरनी देवी, कारी यादव की पत्नी लीला देवी और जयनगर थाना क्षेत्र के गोबराही गाँव निवासी परीक्षण मंडल की पत्नी शिला देवी एवं बरही गाँव निवासी रिघन सहनी की पत्नी रामरत्ती देवी बातया जाता है। महिला आरोपियों को जयनगर बाजार से नेपाली देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रभारी थाना अध्यक्ष बुद्धदेव राम ने बताया कि जब्त शराब मामले में जब्ती सूची बनाते हुए मामला दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा। शराब मामले करवाई होने शराब धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है।

# 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा के प्रांगण मे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन हुआ।

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

65वी वाहिनी के मुख्यालय प्रांगण मे वृक्षारोपण कार्यक्रम श्री पंकज डंगवाल कमांडेंट 65वी वाहिनी कि अगुआई मे किया गया । कार्यक्रम मे वाहिनी के कुल 144 बल कर्मियों के द्वारा जामुन के 126, अमरूद के 10, ग्राफ्टिंग तकनिक के माध्यम से उगाए गए आम के 06 पौधे, रुद्राक्ष का 1 तथा चन्दन का 1 कुल 144 पौधे लगाए गए । प्रत्येक पौधे का रख रखाव तथा उसकी सम्पूर्ण देख भाल कि जिम्मेदारी उस पौधे को लगाने वाले बल कर्मी को ही सौपी गई ।

कमांडेंट महोदय ने बल कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं। इसके अलावा अपने लगाए गए पौधे कि जिम्मेदारी खुद कि है, इसका हमेशा खयाल रखें तथा अगर किसी कारण वस पौधे सूखते है तो उसके स्थान पर नए पौधे लगाना सुनिश्चित करें ।




बताते चले कि 65वी वाहिनी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 20,000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके अंतर्गत अभी तक कुल 1601 पौधे लगाए जा चुके है जिसमे जामुन, अमरूद, गुलमोहर, आम, लिची, अनार, कटहल, गम्हार, बकेन, मूलचेरी, अशोक, टिक, पीपल, बनयान इत्यादि के पौधे 65वी वाहिनी के सीमा चौकियों व वाहिनी के कार्य क्षेत्र मे लगाए जा चुके है ।

आज के कार्यक्रम मे श्री पंकज डंगवाल कमांडेंट, 65वी वाहिनी, श्री आर बी सिंह उप कमांडेंट, 65वी वाहिनी के अलावा 142 अन्य बल कर्मी कुल 144 के द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

# सिमराहा पुलिस को मिली कामयाबी कार मे 16 बोरी शराब बरामद शराब माफिया हुए फरार

दैनिक समाज जागरण
अररिया,,संवाददाता
इफ्तेखार आलम

सिमराहा पुलिस ने गश्ती के दौरान मानिकपुर के समीप एनएच 57 से उजला रंग का कुल 16 बोरा में 2829 बोतल 282. 900.' एक होनडाई चार चक्का जिसका रजिस्ट्रेशन नंबरऊं .4उअऋ 8712 सिमराहा पुलिस पकड़ने में कामयाब रहा वही पुलिस की गाड़ी देख कर तस्कर भागने में कामयाब रहे हालांकि सिमराहा पुलिस द्वारा बड़े-बड़े शराब से लेकर कोडीन माफिया तक को पकड़ा गया वहीं अगर नशे पदार्थ के कारोबारी डाल-डाल है तो सिमराहा थाना पुलिस भी पात पात है पुलिस इसकी छानबीन में कर रहे हैं जल सेजल दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगीवहीं बिहार सरकार जमकर नशे पदार्थ वाले तस्करों पर शिकंजा कसे हैं नहीं बिहार में नशा पदार्थ रुकने रुकने का



नाम नहीं ले रहा है हालाकी बिहार में पूरी तरह से शराबबंदी है

# एक साथ 11 जोड़ो का कराया गया सामूहिक विवाह,सैकड़ों लोग बने गवाह

दैनिक समाज जागरण
समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर- जिले के दलसिंहसराय नगर परिषद स्थित रामपुर जलालपुर में एक सामाजिक इतिहास तब रचा। जब आरएल महतो बीएड कॉलेज के प्रांगण में पूर्व मंत्री स्व.राम लखन महतो के पुत्र एवं जदयू नेता प्रशांत कुमार पंकज के पहल एवं सौजन्य से 11 जोड़ी वर-वधु का सामूहिक विवाह दूर-दराज से आए हजारों लोगों की उपस्थिति में एक साथ संपन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह में भाग लेते हुए जदयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने परिणय सूत्र में बंधे सभी वर-वधु को बधाई देते हुये कहा कि इस तरह के सामाजिक काम करने से हमारा समाज और भी विकसित होगा। साथ ही इस आयोजन को कराने के लिए प्रशांत पंकज को भी शुभकामनाएं दी। इस सामाजिक समारोह में उपस्थित बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को आयोजन कर माननीय मुख्यमंत्री नितीश कुमार के सपनों को पार्टी नेता प्रशांत पकंज ने आगे तक ले चलने काम किया है। वहीं समारोह में शामिल राज्यसभा सदस्य रामनाथ ठाकुर ने कहा कि स्व.रामलखन बाबू के परिवार से हमारा पुराना संबंध रहा है। जिस प्रकार से रामलखन बाबू को हर एक सामाजिक कार्यों में शुरू से ही लगाव रहा,उनके अधूरे सपनों को इस प्रकार के समाज से जुड़े सामाजिक कार्यों को प्रशांत पंकज आगे तक ले जाने का काम कर रहे हैं। इस सर्वसमाज सामूहिक कन्या विवाह के आयोजक सह जदयू नेता



प्रशांत पंकज ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम हर साल आयोजित की जायेगी। अभी भी हमारे समाज के ऐसे ना जाने कितने गरीब माँ-बाप हैं जो पैसे के अभाव में अपनी बेटी को शादी करने में सक्षम नहीं होते हैं। ऐसे परिवार के लिए हम हर साल कन्या विवाह का आयोजन करेंगे। ताकि कोई भी गरीब माँ-बाप के लिए बेटियाँ बोझ ना बने। इस समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यसमिति सदस्य रामसकल महतो,विमला देवी,अरविंद कुमार, उमेश पासवान,चन्दन कुमार एवं प्रदीप कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि ये लोग पिछले एक महीने से रात दिन लग कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। समारोह में अमरेन्द्र कुमार सिंह,तखी अख्तर, रंजीत निगुर्णी,अनंत कुशवाहा,रामदयालु महतो,आदित्य ठाकुर, राम बहादुर सिंह, रामसेवक सिंह,हरिचन्द्र पोद्दार,सुनील बमबम, प्रेमचंद,सुमित भूषण चौधरी,वीरेंद्र कुमार विश्वास,अंजनी कुशवाहा इत्यादि के साथ शहर एवं दूर-दराज से आए हजारों लोग भी इस अनोखे सामूहिक कन्या विवाह में उपस्थित होकर साक्षी बने।

# रास्ता विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पिता और पुत्री हुई जखमी

सिरदला नवादा :-थाना क्षेत्र के बडगांव पंचायत के नरौली गांव में रास्ता विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पिता और पुत्री गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में ही पिता बुरी तरह से जख्मी अपनी विवाहित पुत्री को लेकर सिरदला थाना पहुच न्याय की गुहार लगाया।जहां उपस्थित पुलिस अधिकारी चुन चुन दास ने पिता शिव लखन राजबंशी और पुत्री शिवानी कुमारी को जख्म प्रतिवेदन के साथ इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में भर्ती कराया। जहां दोनो पिता पुत्री का इलाज किया गया। इलाज उपरांत जख्मी पिता और पुत्री ने सिरदला थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि गांव के ही कुछ दबंग प्रवृति के लोग उसके घर आने जाने के रास्ते को लेकर विवाद शुरू किया था। जिसकी शिकायत स्थानीय थाना सहित अंचल अधिकारी से भी किया था। दोनो पक्षो को स्थानीय प्रशासन द्वारा शनिवार को थाना पर आयोजित होने वाली जनता दरबार मे बुलाया गया था। जहां उपस्थित अधिकारियों ने आरोपी पक्षो को फटकार लगाते हुए विवाद खत्म करने का आदेश जारी कर रास्ता देने की बात पर मामले का निष्पादन किया गया था। बावजूद रविवार को एकजुट होकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है.थानाध्यक्ष आशिष कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के शिकायत पर मामले की छानबीन की जा रही है।

# बगहा मे ऑक्सीजन प्लांट का खुला पोल ऑक्सीजन प्लांट में मानक के अनुरूप नहीं हो रही आपूर्ति।

## खाना पूर्ति के लिए बनाया गया है, ये ऑक्सीजन प्लांट

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

खबर पश्चमी चम्पारण जिला के बगहा से है जहा चमवलिया पंचायत के खिरिया मच्छरगवा निवासी नंदकिशोर शर्मा के पिता बाबूलाल शर्मा की अचानक तैबियत बिगड़ जाने से अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहा डॉक्टरो ने उन्हे बेतिया के लिए रेफर कर दिया, और वहा उनकी तैबियत पुरी तरह सही हो गयी, फिर एक दिन बाद उनकी तबियत खराब हो गयी। और उन्हे फिर दुबारा अनुमंडलिय अस्पताल बगहा ले जाया गया, आपको बता दे की उनको सांस लेने मे काफी दिक्कते आ रही थी, और उन्हे अक्सीजन की जरूरी थी , लेकिन बगहा अनुमंडलिय अस्पताल मे अक्सीजन नहीं मिलने से उनकी मृत्यु हो गयी। बताते चले की विपक्ष के नेता जयमंगल सिंह उर्फ जय सिंह ने बताया की बगहा अनुमंडलिय अस्पताल मे बड़े - बड़े नेताओं और




अधिकारियों के द्वारा कुछ हि दिन पहले इस ऑक्सीजन प्लांट का उद्धघाटन बहुत ही धूमधाम से किया गया था। तो फिर ऐसा हुआ क्यू। आगे आपको बताते चले की मीडिया से बातचीत मे पुत्र नंदकिशोर शर्मा ने आपत्ति जताते हुए कहा की ऑक्सीजन प्लांट रहते हुए भी मेरे पिता जी को ऑक्सीजन नहीं मिला और उनकी मृत्यु हो गयी। मुझे बस यही कहना है, की जो भी लोग ऑक्सीजन प्लांट की ये हालत बना के रखे हुए है, उन दोषीयो पर कार्यवाई हो। की आगे से किसी पुत्र के पिता, के साथ ऐसा न हो

# विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर नव युवक संघ ने लोगों को किया जागरुक

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

प्लास्टिक से पर्यावरण व सभी जीवो को है नुकसान, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचें

रविवार 3 जुलाई विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर बगहा के नौरंगिया मे नवयुवक संघ ने ग्रामीणों और स्थानीय दुकानदारों को प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए जागरुक किया और कहा कि इससे हमारी प्रकृति, पर्यावरण, भूमि, वन, जल, जलीय जीव सहित आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है। प्लास्टिक पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचाती है। मालूम हो कि देश में एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर बेन लग गया है, जिसके अन्तर्गत 19 वस्तुओं पर बैन लगाया गया है। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ्य व दीघार्यु जीवन के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के बजाय इको फ्रेंडली वस्तुओं का उपयोग करना होगा।

वही सनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है जो स्वागतयोग्य है। हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए। यह जल्दी से सड़ता गलता नही है, तथा नुकसान पहुँचाता है।प्रतिबंधित वस्तुओं में प्लास्टिक कैरी बैग (75 माइक्रोन से कम मोटाई वाले), प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड्स, प्लास्टिक के झंडे और गुब्बारों की स्टिक, कैंडी स्टिक या आइसक्रीम स्टिक, प्लास्टिक की प्लेट-कटोरी, प्लास्टिक के गिलास, प्लास्टिक के चम्मच कांटे बर्थडे नाइफ, प्लास्टिक स्ट्रॉ, चीनी मिक्स करने की स्टिक जैसी चीजें शामिल हैं। हर साल 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के मुद्दों और प्राकृतिक पर्यावरण पर इसके




हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरुकता फैलाना है, मौके पर सुनील कुमार, मुकेश कुमार कश्यप, धर्मेंद्र कुमार , आलोक कुमार, झिनू कुमार, तीर्थराज कुमार उपस्थित रहे!

# शिक्षक के पहल पर वन महोत्सव के तहत उ० मा० वि० पचरुखा में लगाए गए दर्जनों पेड़-पौधे

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

पर्यावरण की पोटली के प्रभारी शिक्षक ने पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण को बताया आवश्यक

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया, वन विभाग के सौजन्य से विद्यालय में लगाए गए पौधे, शिक्षकों ने सामूहिक रुप से किया पौधारोपणा

सोमवार को उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पचरुखा में पर्यावरण की पोटली के प्रभारी शिक्षक सुनिल कुमार के पहल से डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया और वन विभाग के सौजन्य से विद्यालय प्रांगण में दर्जनों पेड़-पौधे लगाए गए। डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया और वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वन महोत्सव के तहत सोमवार चार जुलाई को विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधानाध्यापक उमेश प्रसाद साह ने कहा कि वन महोत्सव के तहत डब्ल्यू एफ इंडिया और वन विभाग द्वारा पौधे उपलब्ध कराए गए जिसे विद्यालय के शिक्षकगण और विद्यार्थियों द्वारा सम्मिलित रुप से.पेड़-पौधे लगाए गए।

वहीं विद्यालय के पर्यावरण की पोटली के प्रभारी शिक्षक सुनिल




कुमार ने कहा कि डब्ल्यू एफ इंडिया और वन विभाग से पौधे के लिए आग्रह किए थे जिसे पूरा किया गया और वन महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के दर्जनों पौधे लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ्य व दीघार्यु जीवन के लिए पौधारोपण आवश्यक है। विद्यालय में विभिन्न अवसरों पर पौधारोपण किया जाता है।

मौके पर डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया के परियोजना पदाधिकारी बांकेलाल प्रजापति, वनपाल रवि कुमार, वनरक्षी संतु कुमार, टाइगर ट्रैकर मुकेश कुमार, देवानंद, राजेश महतो, अवधेश कुमार, संजय कुमार, अनिल थापा, प्रधानाध्यापक उमेश प्रसाद, धर्मेंद्र भारती, सुनिल कुमार, अभिमन्यु कुमार, महेश कुमार, शशि कुमारी, नरेंद्र पाण्डेय, शक्ति प्रकाश, बाल संसद व मीना मंच की सदस्य, मंत्री संचिता कुमारी, पुष्पांजलि कुमारी, सोहन कुमार आदि उपस्थित रहे सभी ने शिक्षक सुनिल कुमार, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया व वन विभाग के प्रयास को सकारात्मक पहल बताया।

# बच्चों -बच्चों के झगड़े में हो गया जानलेवा हमला, 7 घायलों में 5 नवादा रेफर

दैनिक समाज जागरण

लाठी-डंडे व टांगी -तलवार से हुआ हमला

पकरीबरावां(नवादा) पकरीबरावां थाना क्षेत्र के धेवधा पंचायत अंतर्गत त्रिलोकी बीघा में सोमवार को हुए जानलेवा हमले में 7 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों को पकरीबरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां गंभीर से घायल 5 लोगों को नवादा रेफर कर दिया गया है।

इस बाबत घायल धेवधा पंचायत के चातर मोड़ निवासी कुंदन कुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व गांव के ही समीप पुल पर त्रिलोकी बीघा के बच्चों -बच्चों का झगड़ा हो गया था। मामला किसी प्रकार शांत हो गया। जब वह खुद अपने तीन साथियों के साथ छतरवार गावं अपने गावं लौट रहा थी तभी इसी दौरान पोखर के समीप पहुंचते ही पहले से ही घात लगाए बैठे त्रिलोकी बीघा के सदानंद मांझी, पंकज मांझी, किशोरी मांझी सहित दर्जनों लोगों ने ताबड़तोड़ सभी पर टांगी, खंती, डंडा आदि से हमला कर दिया। किसी तरह वे सभी जान बचाते हुए भाग निकले। उन्होंने बताया कि गावं में जब घटना की आपबीती सुनाई तो गांव के कुछ लोग समझाने -बुझाने त्रिलोकी बीघा गांव गए। इस बीच बदमाशों ने फिर से लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें कई लोगों को चोटे आई है। सभी लोग धारधार हथियार से लैस थे। इस घटना में 48 वर्षीय दामोदर मांझी, 20 वर्षीय पंकज कुमार, 40 वर्षीय बासो मांझी, 32 वर्षीय संतोष मांझी, 17 वर्षीय कुंदन कुमार, 22 वर्षीय पिंटू कुमार एवं 28 वर्षीय विक्की मांझी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी जख्मी को ग्रामीणों के सहयोग से पकरीबरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से गंभीर रूप से जख्मी पिंटू कुमार, संतोष मांझी, वासो मांझी, पंकज कुमार तथा दामोदर मांझी को चिंताजनक स्थिति में नवादा रेफर कर दिया गया है।

इधर, घटना की जानकारी मिलने पर पकरीबरावां पुलिस ने मामलें की जांच की। इस घटना लेकर कर दोनों पक्षों में तनाव व्याप्त है।

# दो बाइक की आमने सामने टक्कर में चार युवक हए जखमी

दैनिक समाज जागरण

सिरदला नवादा :-थाना क्षेत्र के कुशाहन गांव स्थित 30 फिट कुआं के समीप एसएच70 पर दो बाइको की आमने सामने की टक्कर हो गयी। जिसमे दोनो बाइक पर चार युवक जख्मी हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि एक बाइक सवार दो युवक जो गया जिला निवासी था जिसे दुर्घटना में आंशिक चोट पहुची थी। वो पुलिस के लफड़े में फसने की भय से मौके से पैदल ही फरार हो गया।वही बुरी तरह से जख्मी दूसरे बाइक पर सवार दो युवकों को गंभीर चोटें पहुची। जो घटनास्थल पर ही करीब आधे घंटे पड़ा रहा। जिसे सिरदला पुलिस की गश्ती दल द्वारा सिरदला पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां दोनो युवक की पहचान थाना क्षेत्र के धीरौंध पंचायत के बंशीतांड निवासी विजय मांझी के 20 वर्षीय पुत्र रामप्रवेश मांझी तथा महेश मांझी के 20 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार के रूप में की गई है। पीएचसी में मौजूद चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर दोनो युवकों को चिंताजनक हालत में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है.वही घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जप्त कर सिरदला पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## रानीबाजार में माता पार्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को निकाली गई कलश यात्रा

समाज जागरण नवादा ब्यूरो ( धर्म जीत सिन्हा)

नवादा रानीबाजार गांव में सोमवार को समाजसेवी सुरेश प्रसाद उर्फ भोला लाल के सहयोग से निर्मित माता पार्वती की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर



तीन दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में शामिल दर्जनों महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने अपने सर पर कलश रखकर पार्वती मंदिर अवस्थित यज्ञ स्थल से निकलकर रानीबाजार का भ्रमण करते हुए हुए कौआकोल दुर्गामण्डप पहुंचे,वहां से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पवित्र जल भरकर पुनः रानीबाजार यज्ञ मंडप पर पहुंचे। जहां आचार्य पंडित भूषण शास्त्री एवं कुन्दन पराशर की देखरेख में विधिवत कलश स्थापन कर पूजा अर्चना एवं तीन दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।

आयोजक सुरेश प्रसाद उर्फ भोला लाल ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ के दौरान माता पार्वती की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा,प्रवचन,हवन एवं बुधवार को भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

मौके पर अरुण लाल,संजय लाल,अभिषेक उर्फ पिक्कू लाल,शिवम कुमार समेत उनके परिवार के सदस्यों के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## नवादा में विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, घर में मचा कोहराम

समाज जागरण नवादा (आर्यन मोहन)

नवादा:जिले के अकबरपुर थाना के फुलवा गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान फुलवा गांव निवासी रवि कुमार की 25 वर्षीय पत्नी डिंपल के रूप में हुई है। मौत की खबर लगते ही उसके घर में कोहराम मच गया है। मौत की चर्चा गांव में सनसनी की तरह फैल गयी है।



बता दें कि डिंपल पांडे और डिंपल के सास ससुर गांव में रहते हैं और पति रवि कुमार मुंबई में प्राईवेट नौकरी करता है। परिवार वालों ने बताया कि डिंपल कभी खुशी कभी गम वाली जिंदगी जी रही थी। कभी-कभी गुमसुम होकर अपने सास-ससुर से बातचीत भी नहीं करती थी। परिवार के लोग लगातार डिंपल से या भी पूछते थे कि आखिर क्या वजह है कि तुम गुमशुदा हो जाती है, लेकिन डिंपल किसी को कुछ नहीं बोली और रविवार को अपनी जिंदगी समाप्त कर ली।

4 साल पहले डिंपल की शादी हुई, जिससे डिंपल का एक बच्चा भी है। मौत के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। यहां पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नवादा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। मौत का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिरकार डिंपल ने क्यों फांसी लगाकर आत्महत्या कीहै।

## एक लीटर देशी शराब जब्त, एक नावालिग गिरफ्तार,प्राथमिकी दर्ज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के केबल बीघा गांव स्थित इंदल मांझी के घर छापेमारी कर एक लीटर देशी शराब जब्त किया। इस दौरान एक कारोबारी का नावालिग पुत्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बाद में नई उत्पाद अधिनियम के तहत सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। बताया गया कि छापेमारी को गई पुलिस टीम को देख घर के लोग भागने लगे मौके पर कारोबारी का पुत्र करण कुमार ( 15 ) वर्ष पुलिस की गिरफ्त में आ गया। नई शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सोमवार को बालक को न्यायालय भेज दिया गया।

## बार्षिक परीक्षा में प्रखंड के सात विद्यालयो के 186 विद्यार्थी हुए शामिल

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में सोमवार को परीक्षा देने से वंचित रहे वर्ग अष्टम एवं पंचम के कुल 186 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल हुए।इस संदर्भ की बात चीत में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेणु कुमारी ने बताई ग्रीष्मावकाश के पहले प्रखंड के विद्यालयों में बच्चों की वार्षिक परीक्षा आयोजित हुई थी। परंतु किसी कारण वश कई विद्यालयों के कुछ नामांकित विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रह गए थे। फलतः जिला शिक्षा कार्यालय के निर्देश बाद सोमवार को पुनः कक्षा आठ एवं पांच के छूटे विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित हुई। इस दौरान प्रखंड के सात विभिन्न विद्यालयों से अष्टम वर्ग के 88 तथा पंचम वर्ग के 98 परीक्षार्थियों ने वार्षिक परीक्षा दिया।

## मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कोचगांव पंचायत की कांधा ग्रामीण विजय चौधरी की पत्नी सारो देवी ने स्थानीय थाना में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि शनिवार की सुबह जब अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी, तभी ग्रामीण टिंकू चौधरी, गुड्डू कुमार एवं सोनी देवी ने अकारण गाली गलौज करने लगा, मना करने पर लोहे की रॉड से मेरा सर पर मार दिया। फलतः मेरा माथा फट कर खून निकलने लगा। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज, दो पर लगा जुर्माना

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज बिजली कार्यालय द्वारा गठित छापेमार दस्ता ने बुधवार को थाना क्षेत्र के कुंभी गांव में छापेमारी कर ग्रामीण नवल सिंह को बिजली चोरी कर उपयोग करते पाया गया। जबकि गांव के ही रामनंदन सिंह को एलटी लाइन में टोका फसाकर विद्युत ऊर्जा का अवैध उपयोग करते देखा गया। बाद में बिजली विभाग के जेई मो रौशन जमाल के आवेदन परे स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर सम्बन्धित व्यक्ति को आरोपित करते हुए नवल सिंह पर 30276/- रुपए तथा रामनन्दन सिंह को 42491/- रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## बिहार सरकार के पूर्व मंत्री ने बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, नरेंद्र सिंह के निधन पर किया दुःख व्यक्त

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार पाण्डेय अजय कुमार पाण्डेय

बिहार - सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सुरेश पासवान ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रखर समाजवादी नेता एवं बिहार - सरकार के पूर्व मंत्री, नरेंद्र सिंह जी का आज असमय निधन की खबर सुनकर मर्माहत हूँ " उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है " स्व: सिंह बहुत ही मिलनसार प्रवृति के हर दिल अजीज इंसान थे' में ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि इनके शोक - संतप्त परिवार जनों को इस संकट की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें, और इनके आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें! शत - शत नमन, विनम्र श्रद्धांजलि!

## रोटरी क्लब ने प्रशासन को उपलब्ध कराया 5 ट्रैफिक बैरिकेड, शहर में जाम की समस्या पर काबू पाने में आएगा काम

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो ( धर्म जीत सिन्हा)

नवादा शहर में जाम की समस्या को कम करने की प्रशासनिक कवायद को एक बड़ा बल तब मिला जब सोमवार को रोटरी क्लब द्वारा 5 ट्रैफिक बैरिकेड हैंड ओवर किया गया। रोटरी के सदस्यों ने जिला परिवहन पदाधिकारी प्रियंका सिन्हा और अनुमंडल पदाधिकारी सदर उमेश कुमार भारती को बैरिकेड सौंपा। दोनों अधिकारियों ने इस कार्य के लिए रोटरी के सदस्यों को धन्यवाद कहा।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों से नवादा डीएम उदिता सिंह द्वारा शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए मुहिम शुरू कराया गया है। शहर के अंदर के सभी बस स्टैंड को बुधौल शिफ्ट किया जा रहा है। 12 जुलाई की तिथि का निर्धारण बस स्टैंड शिफ्टिंग के लिए किया गया है। इसके अलावा दुसरे जिले से 30 होमगार्ड जवानों को बुलाया गया है। ट्रैफिक कंट्रोल के काम में इन जवानों को विभिन्न चौक-चौराहों पर तैनात किया जायेगा।




ट्रैफिक बैरिकेड प्राप्त करने के मौके पर डीटीओ ने कहा कि परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। हर शनिवार को अभियान चलाया जाता है। लोग हेलमेट अवश्य पहनें, इससे शारीरिक हानि को कम किया जा सकता है।

एसडीएम ने कहा कि शहर में लगने वाले जाम को नियंत्रित करने का काम जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसमें काफी हद तक सफलता भी मिली है। इसी कड़ी में रोटरी क्लब का सहयोग मिला है। प्राप्त बैरिकेड को चौक-चौराहों पर लगाया जाएगा। प्रशासन ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने का हर संभव प्रयास कर रही है। आम लोगों का सहयोग भी अपेक्षित है। इस दौरान रोटरी क्लब के कई सदस्य मौजूद थे।

## नगर परिषद वारिसलीगंज का मतदाता सूची प्रकाशित, 18 जुलाई तक ली जाएगी दावा आपत्ति

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलगंज नगर परिषद क्षेत्र के कुल 25 वार्डो का मतदाता सूची सोमवार को प्रकाशित कर दिया गया है। प्रकाशित सूची में नाम जोड़ने तथा हटाने के लिए विभिन्न अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जहां नगर क्षेत्र के लोग आगामी 18 जुलाई तक आवेदन देकर दावा आपत्ति कर सकते हैं।

नगर परिषद के निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी उमेश कुमार भारती नवादा के द्वारा सोमवार को जारी पत्र में कहा गया है कि नगर परिषद वारिसलीगंज की वार्ड संख्या-01 से 25 तक के मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। प्रकाशित सूची में नाम दर्ज कराने के लिए सभी दावा प्रपत्र-02 तथा सूची में दर्ज नाम के विरूद्ध सभी प्रकार की आपत्ति प्रपत्र-03 में 4 से 18 जुलाई तक संबंधित अधिकारियों के पास दी जा सकती है।




नगर क्षेत्र के सभी वार्ड में नाम जोड़ने तथा हटाने के लिए आवेदन देने के लिए अलग-अलग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें वार्ड नंबर 1 से 4 तक के मतदाता प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यनारायण पंडित के समक्ष दावा प्रस्तुत करेंगे। वही वार्ड संख्या- 05 से 08 में निवास करने वाले मतदाता अंचल अधिकारी प्रेम कुमार के समक्ष आवेदन देंगे। वार्ड 9 से 12 तक के मतदातो प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रूपेश पांडेय को आवेदन देंगे। इसी प्रकार वार्ड 13 से 16 के मतदातो प्रखंड कल्याण पदाधिकारी वीरेन कुमार को, वार्ड 17 से 20 प्रखंड कृषि पदाधिकारी पवन कुमार को तथा 21 से 25 तक के मतदाता प्रकाशित इस सूची से संबंधिते शिकायत प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी के समक्ष तय समय सीमा के अंदर कर सकते हैं।

## जहानाबाद मानदेय बीघा पंचायत में खरीफ किसान चौपाल का किया गया आयोजन, किसानों को बेहतर उपज के लिएउपलब्ध कराई गई जरूरी जानकारी।

समाज जागरण
जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद आज कृषि विभाग के द्वारा जहानाबाद प्रखंड के किनारी, सिकारिया ,मानदेय बीघा पंचायत में खरीफ किसान चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आत्मा के द्वारा नुक्कड़ नाटक के मंचन के माध्यम से किसानों को बेहतर उपज के लिए जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई। किनारी पंचायत में देवेंद्र कुमार किसान सलाहकार के द्वारा आयोजित किसान चौपाल में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी इंदु सिन्हा जहानाबाद ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के लिए कृषि विभाग तत्पर है। बीज, खाद, कृषि यंत्र से लेकर हर तरह के कृषि से संबंधित जरूरतों को पूरा करने का निरंतर प्रयास कर रही है।नाटक कलाकारों ने नाट्य मंचन के द्वारा श्री विधि, सूक्ष्म सिंचाई, जैविक खेती , स्प्रिंकलर सिंचाई की जानकारी दी गई। राकेश कुमार बीटीएम ने फसल अवशेष को खेत में नहीं जलाने के लिए किसानों को प्रेरित किया। प्रगतिशील किसान मनोज कुमार ने खेती में काम करने वाले श्रमिकों की समस्या उठाए जिससे विशेषज्ञों ने कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से कम से कम श्रमिकों पर निर्भरता की बात बताई।





खरीफ सीजन में धान बीज वितरण, अरहर एवं उड़द के बीजों का वितरण ऑनलाइन के माध्यम से होने की जानकारी किसान सलाहकार देवेंद्र कुमार के द्वारा दी गई।साथ ही अपने खेतों में मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी के लिए मिट्टी जांच कराने की सलाह दी। कार्यक्रम में अनिल कुमार कृषि समन्वयक, कृष्ण मुरारी सिंह किसान सलाहकार सिकारिया, अनिल कुमार लेखापाल, विजेंद्र कुमार अनुमंडल कृषि कार्यालय जहानाबाद , प्रगतिशील किसान निर्मल कुमार सिंह ,जय गोविंद प्रसाद सुधीर कुमार लोकेश कुमार मोती पासवान योगेंद्र कुमार कमलेश कुमार सहित कई महिला एवं पुरुष किसान की सहभागिता रही।

## जहानाबाद 5 जुलाई को जहानाबाद से हाजीपुर जाएंगे हजारों कार्यकर्ता- हेमंत।

मगध की आवाज
जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार रविवार को जहानाबाद कोर्ट स्टेशन के पश्चिम शिव सत्य रेस्ट हाउस में लोक जनशक्ति पार्टी का जिलाध्यक्ष हेमंत शरण उर्फ कुंदन शर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सह वर्तमान जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी के द्वारा प्रेस वार्ता की गई। मुख्य रूप से पद्म भूषण से सम्मानित गरीबों के मसीहा, जन-जन के नेता स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती के शुभ अवसर पर उनके कर्म भूमि हाजीपुर में आदमकद मूर्ति का अनावरण होने जा रहा है, उसी को लेकर प्रेस वार्ता किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सभी विधानसभा प्रत्याशी,




एमएलसी प्रत्याशी एवं पंचायत अध्यक्ष से लेकर जिला कमेटी के लोग उक्त कार्यक्रम में जहानाबाद से शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हाजीपुर में आयोजित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जहानाबाद से कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष पिंटू कुशवाहा भी उपस्थित थे।

## कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन ने चलाया जन जागरूकता अभियान

समाज जागरण
नवादा (आर्यन मोहन)

नवादाः-राष्ट्रीय संकट बन चुके बाल यौन शोषण के पीड़ितों को जल्दी न्याय दिलाने के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की संस्था ने पहल की है।पीड़ितों के लिए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के द्वारा तय समय पर न्याय दिलाने का काम किया जा रहा है।ऐसे में जिले में हर-रोज ग्रामीणों के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में जिलें के प्रखंड पकरीबरावां के रोहुआ में सोमवार को जिले में चल रहे कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के कार्यकताओं के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। तटवासी समाज न्यास (केएससीए) के द्वारा पोक्सो , बालक्षम , बाल विवाह , बाल व्यापार इत्यादि मुद्रो पर एक बैठक का आयोजन कमलेश राजवंशी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें संस्था के प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा प्रत्येक विषय पर जानकारी दी गई।संस्था के प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ० रिजवान उर रहमान ने कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के कार्यों की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में कर बच्चों का आर्थिक , मांसिक




एवं शारीरिक शोषण हो रहा है। इसकी जानकारी नहीं रहने के कारण हम समझ भी नहीं पाते है कि बच्चों पर अत्याचार हो रहा हो ।'इन दिनों बहुत सारे कानून सरकार द्वारा बच्चों के हित के लिए बनायी गयी है। समय - समय पर उन कानूनों पर संसोधन कर उन कानूनों को और सख्त बनाया जा रहा है। फिर भी बच्चों पर जुल्म और अत्याचार बढ़ते ही जा रहा है।बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए KSCF ने पुरे देश में अभियान चलाया है ताकि बालश्रम , बाल व्यापार व पोक्सो आदि से जुड़े मुद्दों को लेकर बच्चों को इंसाफ दिलाया जाये एवं अपाराधियों को सजा दिलाने में जो भी खर्च आ हैं।उनका वहन करने से लेकर गवाही के लिए कोर्ट में आने जाने का खर्चा एवं जिन बच्चों को विद्यालय में नामांकन नहीं है उनका नामांकन करवाना।बच्चों की मुफ्त काउंसलिंग करवाना इत्यादि कार्यों पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तमाम ग्रामीणों से निवेदन है कि यदि आपको बाल श्रमिक, बाल व्यापार,यौन शोषण इत्यादि से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी आपको मिलती है तो पीड़ित बच्चियों की जानकारी संस्था को दें ताकि उपरोक्त पीड़ित लोगों की मदद की जा सके।इस जन -जागरण प्रोग्राम मे तटवासी समाज न्यास के, KSCF के कार्यकर्त्ता कल्याणी कुमारी, दिलशाद आलम, अभय कुमार, साहिल हसन के साथ-साथ cvc सदस्यो तथा ग्रामीण लोग मौजूद थे

## प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध वसूली, लाभार्थी का नाम कटने की धमकी देकर 20-20 हजार लेते हैं घूस

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

नवादाः जिले के रोह प्रखंड अंतर्गत ओहारी पंचायत के देवपुरा गांव के लाभुकों ने डीडीसी को आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध राशि वसूल करने का आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हमलोगों को प्रथम किश्त की राशि 45 हजार रुपये खाते में प्राप्त हुआ है। आवास सहायक आदित्य कुमार ने सभी लाभुकों को बैंक ले जाकर अंगूठे का निशान लगवाकर रुपये की निकासी करवायी है।इसमें आवास सहायक द्वारा बैंक में ही सभी लाभुक से 20-20 हजार रुपये अवैध तरीके से ले लिया गया है। लाभुकों ने आवास योजना की जांच कर अवैध राशि वसूलने वाले आवास सहायक पर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली का मामला




लगातार सामने आ रहा है। इससे लाभुक परेशान है। कहीं धमकी देकर रुपये की वसूली की जा रही है तो कहीं आवास योजना में नाम काट देने की धौस दिखाकर रुपये मांगा जा रहा है।

लगभग हर दिन जिले के किसी न किसी पंचायत के लाभुक आवास योजना में गड़बड़ी का आवेदन देकर डीएम सहित अन्य पदाधिकारियों से मिलने पहुंचते हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होने के कारण आवास सहायक का हौसला बुलंद है।

## दिव्यांग युवक ने दी सुसाइड की धमकी,पत्नी से तंग आकर लिया ए फैसला।

समाज जागरण
नवादा (आर्यन मोहन)

नवादा शहर के गढ़पर मोहल्ला की एक विवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। अब उसका पति फांसी लगाकर आत्महत्या करने की चेतावनी दे रहा। पति रविशंकर का आत्महत्या की चेतावनी से संबंधित बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवक ने खुद वीडियो बनाकर फेसबुक पर इसे पोस्ट किया है।

दरअसल दो दिन पहले रविशंकर की पत्नी ने जहर खा लिया था और नगर थाना पहुंच गई थी। तब पुलिस ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। राधा का कहना था कि सास के व्यवहार से परेशान है। वह अक्सर प्रताड़ित करती है। इसलिए साथ नहीं रहना चाहती है।इधर, रविशंकर का कहना है कि



उसकी पत्नी राधा दूसरे युवक से प्यार करती है। इसलिए वह साथ नहीं रहना चाहती है। इसलिए मनगढ़ंत आरोप लगाकर पूरे परिवार को परेशान कर रही है। वह मां से अलग रहने का दबाव बनाती है। बार-बार आत्महत्या की कोशिश करती है कि पूरे परिवार को फंसा देगी। शादी के बाद से पत्नी लगातार परेशान कर रही है। इस परिस्थिति में कोई मदद भी नहीं कर रहा है। इसलिए फांसी लगाकर आत्महत्या करने के सिवाय कोई चारा नहीं बचा है।

रविशंकर का कहना है कि फेसबुक के जरिए राधा से पहचान हुई थी। फिर उसकी छोटी बहन ने अपने घर पर मिलने गया बुलाया। उसकी छोटी बहन पहले शादीशुदा थी। रात में खाना में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया और फिर...। अगले दिन साढू का कहना था कि शादी नहीं करोगे तो मुकदमे में फंसा देंगे। भयवश राधा के साथ शादी करनी पड़ी।

## आरोपी को गिरफ्तार करने गए पुलिस टीम पर चला इंट पत्थर, चार के विरुद्ध प्राथमिकी

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना में किसी कांड में नामजद आरोपी नप के चैनपुरा ग्रामीण नवीन को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर आरोपित के घर से इंट पत्थर चलाया गया। इस दौरान एक सिपाही का हथियार पत्थर लगने से क्षतिग्रस्त हो गया।

इस बाबत सहायक पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कांत शर्मा ने कहा है कि समकालीन अभियान के तहत 03 जुलाई की देर शाम वारिसलीगंज थाना के किसी मामले में नामजद आरोपी वारिसलीगंज नप चैनपुरा ग्रामीण नवीन सिंह की गिरफ्तारी को ले उसके घर की घेराबंदी छापामारी किया जा रहा था। इस क्रम में प्राथमिकी अभियुक्त नवीन सिंह, उनकी पत्नी तथा भाई एवं भाभी के द्वारा पुलिस के कार्य में व्यवधान उत्पन्न करते हुए अपने घर का दरवाजा नहीं खोला गया तथा घर के छत से पुलिस टीम पर पथराव किया जाने लगा। रोड़ेबाजी के दौरान पुलिस टीम के सिपाही पर रविशंकर कुमार का हथियार (इनसास का बट) क्षतिग्रस्त हो गया। इस बीच पथराव से बचाव के लिए जब पुलिस बल जब घर के ओट में छिप गए। तब अंधेरे का फायदा उठाकर सभी भाग निकले। इस बाबत पुसअनि आरके शर्मा के आवेदन पर थाना में मामला दर्ज करवा कुख्यात नवीन सिंह समेत उनकी पत्नी, भाई तथा भाभी को आरोपित किया गया है। केश दर्ज होते हैं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



## छह वर्ष बाद भी नल जल का कार्य अधूरा जिलाअधिकारी से शिकायत

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर पंचायत की बाली ग्रामीण बिंदेश्वर सिंह ने गांव के वार्ड नंबर सात में छह वर्ष बाद भी नल जल का कार्य पूरा नहीं होने तथा नल जल की टंकी का फाउंडेशन आम रास्ता (गली) में बना देने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इस आशय की शिकायत ग्रामीण विंदेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर किया है।

24 जुलाई 2022 को डीएम को दिए आवेदन में कहा गया है कि वार्ड नंबर 7 में विगत 6 वर्षों से नल जल का कार्य अधूरा है। कहा गया है कि नल का जल के लिए छह वर्ष बाद भी टंकी नही लगा है। शिकायत बाद अब जब टंकी लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है तो टंकी का फाउंडेशन आम गली में बना दिया गया है। निमार्णाधीन नल जल टंकी का फाउंडेशन आम गली में बनाये जाने से ग्राम वासियों तथा वाहनों को आवाजाही में परेशानी उत्पन्न हो रही है।



जबकि उक्त गली को 1990 में सरकारी योजनो जेआरवाई के तहत सोलिंग की गई थी। वहीं 2005 में विधायक मद से गली में पीसीसी का कार्य किया गया था। पुनः अब जब पांचवें वित्त आयोग की पंचायत मद की राशि से गांव की मुख्य गली का फेवर ब्लॉक सोलिंग का कार्य शुरू किया गया तब कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा रंगदारी मांगी गई। रंगदारी नहीं देने पर गली के सोलिंग को उखाड़ दिया गया है,और गली में दीवार बना दिया गया है। आवेदन में जिलाधिकारी से खुद स्थल निरीक्षण कर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है।

## जहानाबाद नरेंद्र सिंह का निधन राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति।

समाज जागरण
जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह के लंबी बीमारी के उपरांत निधन पर जदयू कार्यकताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। जदयू जिलाध्यक्ष राहुल शर्मा एवं मुख्य प्रवक्ता दिलीप कुशवाहा ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि नरेंद्र सिंह समाजवादी विचारधारा के नेता के साथ साथ अपने क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा संघर्षशील रहे हैं। वे अपने छात्र जीवन के राजनीतिक सफर से ही स्पष्टवादी रहे हैं।इनके निधन पर राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति के साथ साथ राजनीति के एक अध्याय का अंत हो गया है।इनके निधन पर जदयू नेता प्रदेश सचिव जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, गोपाल शर्मा,महेंद्र कुमार सिंह, डॉ निरंजन कुमार अम्बेडकर, मुरारी यादव, पिंटू कुशवाहा,अमित कुमार पम्मु, राजू पटेल, सिया देवी,शंभु शर्मा,राजू निषाद, रणधीर पटेल,अरविंद दास,अनिल सिंह, मनोज चंद्रवंशी, कल्पनाथ पटेल, योगेश दास सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है।



## आजादी के अमृत महोत्सव पर आरपीएफ ने निकाली बाइक रैली, दिया अनोखा संदेश

समाज जागरण
नवादा (आर्यन मोहन)

नवादाः-जिले के स्थित स्टेशन परिसर में आरपीएफ के एसआई मुकेश कुमार व नवादा स्टेशन मैनेजर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना साथ ही साथ यात्रियों के लिए पेयजल का किया व्यवस्था किया गया।आजादी के अमृत महोत्सव पर रविवार को रेलवे सुरक्षा बल( आरपीएफ ) नवादा पोस्ट ने जागरूकता रैली निकाली। रैली की शुरूआत पूर्व मध्य रेल अर्न्तगत दानापुर मंडल के नवादा रेलवे स्टेशन से आरपीएफ नवादा पोस्ट के एसआई एस कुमार तथा स्टेशन प्रबंधक अवधेश कुमार सुमन ने हरी झंडी दिखाकर किया ।इसका नेतृत्व आरपीएफ के एसआई मुकेश कुमार ने किया।एसआई श्री कुमार ने बताया कि यह आयोजन देश की आजादी के 75 वें वर्ष पर अमृत महोत्सव का ही हिस्सा है । इसका उद्देश्य रेलयात्री , आम जनता तथा रेलकर्मियों में देशभक्ति का जज्बा जगाने और उन्हें एकजुट करना है । उन्होंने कहा कि यह जागरूकता रैली नवादा से राजगीर होते हुए किउल तक लोगों को उत्साहित करते हुए पहुंचेगी । उन्होंने कहा कि रैली लोगों को आजादी के महत्व से अवगत कराने के साथ - साथ यात्रा के प्रति सजग रहने , बेवजह चेन पुलिग नहीं करने , सुरक्षित यात्रा करने आदि की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है । उन्होंने इस रैली का महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बचपन बचाओ , रेल यात्रा के दौरान सजग रहने तथा समपार फाटक को पार करते समय सतर्क रहने के लिए भी जागरूक करेगा ।इस दौरान नवादा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गई । मौके पर नवादा रेल थानाध्यक्ष वशिष्ठ सिंह ,आरपीएफ के एसआई मुकेश कुमार,आरपीएफ पोस्ट के पास रहे मंदिर के पुजारी विद्याधर पांडेय सहित दर्जनों रेल कर्मी मौजूद थे ।

# सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम-7 से 21 जुलाई तक 2 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को खिलाई जाएगी डीईसी और अल्बेंडाजोल की दवा : जिलाधिकारी

## स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के द्वारा लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा लखीसराय जिला में 14 दिनों तक चलेगा एमडीए कार्यक्रम

**समाज जागरण लखीसराय**

सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) के तहत 7 से 21 जुलाई तक जिला भर के 2 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को खिलाई जाएगी डीईसी और अल्बेंडाजोल की दवा । उक्त बात सोमवार को समाहरणालय सभागर में आगामी 7 जुलाई से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम को लेकर सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित मीडिया कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कही। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र कुमार चौधरी, एसीएमओ सह डीआईओ डॉ. अशोक कुमार भारती, डीपीएम खालिद हुसैन, डीपीसी सुनील कुमार, वीबीडीसीओ अश्विनी कुमार के साथ-साथ एमडीए कार्यक्रम को टेक्निकल सपोर्ट दे रहे डब्ल्यूएचओ, केयर इंडिया के जोनल, रिजिनल और डिस्ट्रिक्ट लेवल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत लखीसराय जिला में आगामी 7 से 21 जुलाई तक लगातार 14 दिनों तक सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम के तहत 2 वर्ष से अधिक उम्र के किशोर, युवा सहित सभी वृद्ध जनों को डीईसी और अ ल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने की जिम्मेदारी राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा जिला के सभी स्वास्थ्य



संस्थानों को दी गई है। जिला के सभी प्रखंडों में कार्यरत पीएचसी और सीएचसी के तहत काम करने वाली आशा कार्यकर्ता और आशा फैसिलिटेटर के द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। वहीं लखीसराय के शहरी क्षेत्र जहां आशा कार्यकर्ता कार्यरत नहीं है वहां आईसीडीएस के अंतर्गत काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए 77 आंगनबाड़ी कार्यकताओं का चयन किया गया है।
उन्होंने बताया कि जिला के विभिन्न प्रखंडों में काम करने वाली आशा कार्यकर्ता और लखीसराय शहरी क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन दवा खिलाने का अपडेट रिपोर्ट अपने-अपने क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को देंगी और एमओआईसी उसी दिन सिविल सर्जन को डाटा से अपडेट करेंगे और सिविल सर्जन उसी दिन अपडेट डाटा से मुझे अवगत कराएंगे। पूरे कार्यक्रम की प्रतिदिन सही तरीके से मॉनिटरिंग हो सके। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई से लगातार 6 दिनों तक सभी आयु वर्ग के लोगों को माइक्रो प्लान के अनुसार फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी और सातवें दिन प्लान के अनुसार छूटे हुए लोगों को चिह्नित कर उन्हें दवा खिलाई जाएगी । इसके बाद पुनः 6 दिनों तक नए लोगों को दवा खिलायी जाएगी और आखरी दिन मॉंप अप राउंड चलाकर छूटे हुए सभी लोगों को चिह्नित करते हुए फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। मीडिया कार्यशाला में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत जिला में 27 जून से 10 जुलाई तक चल रहे दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा और 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा के साथ-साथ 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले इंटेंसिफाइड डायरिया पखवाड़ा के बारे में मीडियाकर्मियों को आवश्यक जानकारी दी गई ताकि उनके माध्यम से इन कार्यक्रम के बारे में लोगों को जागरूक किया जा सके।

# हलसी थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक।

**समाज जागरण हलसी**

हलसी थाना परिसर में बकरीद त्योहार पर क्षेत्रों में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी विवेक कुमार तथा थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने संयुक्त रूप से की।बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाने की अपील किया।उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि सामाज में प्रतिबंधित चीजों का प्रयोग करने से बचे।साथ ही सामाजिक संरचना का माहौल बनाते हुए आपसी सौहार्द के साथ अपने धर्म और भावनाओं



को ध्यान में रख पर्व मनाए।साथ ही बकरीद पर्व की शुभकानाएं देते हुए कहा कि कोविड लहर की संभावना को देखते हुए प्रतिबंधित चीजों से परहेज करें।थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने कहा कि अफवाह से दूर रहें। इंटरनेट मीडिया पर आने वाली अफवाहों को फारवर्ड न करें।असमाजिक गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दे।उन्होंने आगे कहा कि बकरीद पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में कहीं से किसी प्रकार की कोई हिंसक व अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है।बैठक में पी एस आई नीतू कुमारी,शिक्षक नेता बिपिन बिहारी भारती,हलसी प्रखंड के पूर्व मुखिया जैनुल हक,पूर्व मुखिया शिवेंद्र कुमार डब्लू,जदयू नेता लक्ष्मण महतों,प्रतापपुर मुखिया रामलखन प्रसाद सहित लोगों ने हिस्सा लिया।

# पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह के निधन से बिहार एवं देश के लिए अपूरणीय क्षति

**जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार**

अरवल :- प्रखर समाजवादी नेता एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह के निधन पर अरवल जिला लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि नरेन्द सिंह देश एवं राज्य के राजनीति में अपने उच्च विचारों के लिए सदैव याद किये जायेंगे । नरेन्द्र सिंह के निधन से बिहार और देश के लिए अपूरणीय क्षति हुई है , जिसकी निकट भविष्य में भरपाई सम्भव नही है । नरेन्द्र सिंह बिहार के प्रमुख



कदावर नेताओं में से एक थे । इस दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिवार को साहस और धैर्य धारण करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करे एवं उनकी दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करे।

# नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय सूर्यगढ़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत निस्ता गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है एवं इस संदर्भ में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत निसता गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था जिसमें निसता गांव निवासी अवध यादव के पुत्र नीतीश कुमार उर्फ छोटू को



नामजद किया गया था तथा जिसके आलोक में सूर्यगढ़ा थाना कांड संख्या 199/ 22 मामला दर्ज था किसको लेकर सूर्यगढ़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर युवक को लखीसराय जेल भेज दिया गया है

# खेग्रामस का सदस्यता अभियान में रेउटा के महादलितों ने समस्या को रखा -संजय अनुरागी

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के चानन प्रखंड के कुंदर पंचायत के रेउटा फील्ड मुशहरी में अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा का सदस्यता अभियान चलाया गया ।सदस्यता अभियान का नेतृत्व खेग्रामस सचिव सह अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कॉमरेड संजय कुमार अनुरागी ने किया मकेश्वर मॉझी ने सदस्यता अभियान का संचालन किया सदस्यता अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता महानंद सिंह ने भी सदस्य बनाने में सहयोग किया सदस्यता अभियान में ग्राम रेउटा के नरेश मॉझी बुधन मॉझी युगन मॉझी पोखन मॉझी मकेशर मॉझी लक्ष्मण मॉझी जानकी मॉझी प्रमिला देवी ओम मॉझी आशा देवी बदमिया देवी सहित सैकड़ों की संख्या में खेग्रामस की सदस्यता ग्रहण किया ।खेग्रामस के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कॉमरेड संजय कुमार अनुरागी ने कहा है कि आज एक ओर जहॉं पूरे देश में भाजपा के नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री गरीब छात्र नौजवानों बेरोजगारों पर हमला पर देश के सार्वजनिक संस्थानों को कार्पोरेटों के हाथ में बेचकर देश को निलाम कर रही है ।वहीं बिहार में नीतिश कुमार की सरकार गरीबों महादलितों



बेरोजगारों पर हमला कर रोजगार मॉंगने वाले लोगों पर लाठी गोली चला रही है ।लखीसराय जिला में एक ओर भूमिहीन महादलितों गरीबों को जमीन ,वासगीत पर्चा देने के बजाय गरीबों पर बुलडोजर चला रही है ,लखीसराय जिला में विकास का राशि अफसरों और दलाल विचौलिया की भेंट चढ़ जाती है परंतु सरजमीन पर योजनाओं को कागज पर ऑडिट कर खानापूर्ति कर इति श्री कर दिया जाता है ।अनुरागी ने कहा है कि चानन प्रखंड का इलाका पिछड़े होने का फायदा अफसर दलाल बिचौलिया और सफेदपोश जैसे लोग उठा रहे हैं ।आवास बनाने में 15से20 हजार रुपए ली जाती है ।वहीं कुंदर पंचायत में अनेक योजनाओं को फर्जी ढंग से बिना कार्य किए निकाल ली गई है परंतु मजदूरों को मनरेगा के तहत 100दिनभी रोजगार नहीं दी गई है ।संजय कुमार अनुरागी ने कहा है कि आज जरूरत है ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी ,सफेदपोश को मुंहतोड़ जवाब देने का है ।भाकपा माले खेग्रामस का सदस्यता अभियान इसी रूप में जनता को संगठित कर आन्दोलन कर मोदी नीतिश सरकार के बुलडोजर राज के खिलाफ आन्दोलन को तेज करने का आह्वान किया ।

# बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर विद्यालय प्रधानों को बीईओ प्रभा कुमारी के अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

सुपौल जिले के किशनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर विद्यालय प्रधानों को बीईओ प्रभा कुमारी के अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर आयोजित विद्यालय प्रधानों के साथ प्रशिक्षण शिविर में बाढ़ से निपटने को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। जहां बीआरपी सह प्रशिक्षक पवन कुमार एवं मो मेराज अहमद के द्वारा प्रशिक्षण में बताया कि हर साल कोसी प्रभावित क्षेत्र में बाढ़ जैसी समस्या उत्पन्न होती है। जिससे बचाव हेतु अपने अपने विद्यालय के बच्चों के बीच जागरूकता उतपन्न करना, विद्यालय संचालन में होने वाले समस्या का निदान कर विद्यालय का संचालन करना, विद्यालय में फस्ट ऐड की व्यवस्था करना, बाढ़ के स्तिथि में बच्चों का पठन पाठन दूरदर्शन के माध्यम से करना, वैसे बच्चे जो वार्षिक परीक्षा 2022 में सम्मिलित नहीं हुआ। या जिसको ई ग्रेड आया हो उन बच्चों का परीक्षा लेना, विद्यांजली ऐप पर विद्यालय का पंजीकरण करवाना आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। वहीं डीबीटी से सम्बंधित टेक्स बुक पर हां या ना



करना सहित सभी प्रकार के उपयोगिता से सम्बंधित चर्चा की गई। विद्यालय का निरीक्षण व्हाट्सएप पर करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि जिस विद्यालय के प्रधान बैठक में भाग नहीं लिया है। उस पर स्पष्टीकरण निकाला जा रहा है।

# बिहटा राघोपुर उच्च विद्यालय स्थित बीआरसी में दिव्यांगता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा

**दैनिक समाज जागरण बिहटा / एहतेशाम असगर**

बिहटा के राघोपुर में उच्च विद्यालय स्थित बीआरसी में दिव्यांगता को प्रमाण पत्र दिया जाएगा आपको बता दें की बिहटा के जितने भी दिव्यांग और अपंग है उनको प्रमाण पत्र दिया जा रहा है इसमें लगभग 6 साल से लेकर 18 साल तक प्रमाण पत्र फिलहाल दिया जा रहा है अगर उसके ऊपर के उम्र के लोग हैं तो उससे बिहटा सरकारी रेफरल स्पताल



शनिवार को दिया जाएगा वहीं डॉ राकेश कुमार ने बताया कि ये प्रमाण पत्र मिलने के बाद 6 साल से लेकर 18 साल तक जो सरकारी सुविधा सरकार के तरफ से इन लोगों को लाभ पहुंचाया जाएगा वही बिहटा नगर परिषद के प्रत्याशी सभापति भोला यादव वहां मौजूद थे जितने भी अपँग लोग दिव्यांग लोग सहायता करते हुए देखा गया वहीं कुस कुमार डॉ मोहन मानव विज्ञानिक डॉ राकेश कुमार ल्ड सुनीता प्रिया कन्हैया लाल गुप्ता ओमप्रकाश सिंह इत्यादि मौजूद रहे

# बालू के अवैध खनन,परिवहन और भंडारण पर करें कठोर कार्रवाई : डीएम

**दैनिक समाज जागरण हाजीपुर(वैशाली)**

हाजीपुर( वैशाली )जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा उनके कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री मनीष की उपस्थिति में बालू के अवैध खनन , परिवहन और भंडारण पर रोकथाम की समीक्षा की गयी और जिला खनन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि बालू के अवैध खनन , परिवहन और भंडारण की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई करें । जिलाधिकारी ने कहा कि इसकी नियमित जाँच करें और प्रत्येक प्रन्द्रह दिन पर की गयी कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध करायें । बैठक में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि 30 जून के मध्य रात्रि से बालू का खनन प्रतिबंधित किया गया है और यह रोक अगले तीन माह अर्थात जुलाई , अगस्त और सितम्बर तक लागू रहेगा । इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि बंदोवस्तधारी द्वारा उनके स्टॉकिस्ट अनुज्ञप्ति स्थल पर स्टॉल का भौतिक सत्यापन प्रतिदिन करायी जाय तथा उनके द्वारा जारी किये गये ई - चालान का प्रतिवेदन प्रतिदिन लिया जाय । जिलाधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया कि तेरसिया घाट में हो रहे



बालू की अवैध खनन स्थल की जाँच गुगल प्रो ऐप के माध्यम से चिन्हित कर अवैध खनन स्थल से वाहनों एवं उपकरणों को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज करायी जाय । उन्होंने कहा कि जिला में अन्य स्थलों से भी अवैध खनन की शिकायत मिलती है तो वहाँ त्वरित कार्रवाई की जाय । अंजानपीर के पास सुबह में बालू लेकर ट्रेक्टर मेन रोड पर खडे रहते हैं जिससे यातायात प्रभावित होता है । ऐसे ट्रेक्टर मालिकों की सूची बना कर अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ताकि नियमानुसार कार्रवाई की जा सके । बैठक में उपस्थित डीसीएलआर के द्वारा बताया गया कि बाया नदी और नून नदी में भी गाद की समस्या है । जिलाधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया कि इसका आकलन किया जाय और उसकी सूची कार्य विभागों को उपलब्ध करा दिया जाय ताकि गाद का उपयोग निर्माण विभागों के द्वारा किया जा सके । जिलाधिकारी ने कहा कि कहीं भी छापामारी के लिए निकलें तो पूरे दल - बल के साथ निकलें , अगर जरूरी हो तो अतिरिक्त पुलिस बल की माँग कर लें।

# दव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने का एक दिवसीय कैंप का आयोजन हुआ।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/ बिहटा**

(पटना) बिहटा के राघोपुर उच्च विद्यालय स्थित बीआरसी में सोमवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र का एक दिवसीय कैंप लगाय गया,जिसमे सैकड़ों की संख्या में दिव्यांगगन पहुंच कर अपने दिव्यांगता का प्रमाण पत्र



बनवाया वही मौके पर डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही एवं चेकअप करके सभी का आसानी से दिव्यांग पत्र बनाने में मदद किया,वहीं इस कैंप का आयोजन सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे शाम तक किया गया था।

# मानसून से पूर्व बिहटा स्थित एनडीआरएफ की 07 टीमों की बाढ़ आपदा के मद्देनजर बिहार राज्य के संवेदनशील जिलों में तैनाती

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

9वीं बटालियन एन०डी०आर०एफ० बिहटा, पटना की 07 टीमों को मानसून पूर्व इस वर्ष संभावित बाढ़ के मद्देनजर विभिन्न संवेदनशील जिलों में बाढ़ बचाव उपकरणों के साथ तैनात किया गया है 9वीं बटालियन एन०डी०आर०एफ० की एक एक टीम को बाढ़ बचाव व आधुनिक संचार उपकरणों के साथ गुजफ्फरपुर, दरभंगा, किशनगंज, गोपालगंज, भागलपुर तथा सुपौल जिलों में तैनात किया गया है जबकि 01 टीम दोदारगंज (पटना) में तैनात है।

श्री सुनील कुमार सिंह, कमाण्डेंट 9वीं बटालियन एन०डी०आर०एफ० ने बताया कि इस वर्ष संभावित बाढ़ से पहले तैनात की गई सभी 07 टीमें इन्फलैटेबल मोटर बोट, डीप डाइविंग सेट, लाइफ जैकेट, लाइफब्वॉय, कुशल गोताखोर तथा आधुनिक खोज एवं बचाव उपकरणों से लैस है तथा बाढ के दौरान राहत व बचाव कार्य में सक्षम व दक्ष है। सभी 07 टीमों की तैनाती बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के मांग पर की गई है।

उत्तरी बिहार के कुछ जिलों में बाढ़ का असर दिखने भी लगा है. किशनगंज की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुट भी गई हैं। अब तक हमारी टीम ने 19 नागरीकों व 18 पशुधन को सुरक्षित स्थानो पर पहुचाया गया। साथ ही बाढ़ से पूर्व एन०डी०आर०एफ० की टीमें जिला प्रशासन के समन्वय से आपदा जोखिम न्यूनिकरण संबंधित तैनाती जिलों में जन जागरूकता अभियान तथा आपदा विषय पर स्कूलों में प्रशिक्षण व मॉक ड्रील कर रही है। समुदाय के लोगों तथा तथा स्कूल के बच्चों को




बाढ़ से पहले की तैयारी, नौका सुरक्षा, बाढ़ बचाव तकनीक की जानकारी, सर्पदंश प्रबंधन, अस्पताल पूर्व चिकित्सा तकनीक तथा भूकंप के दौरान की जाने वाली सुरक्षात्मक कार्यवाहियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियों दे रही हैं। साथ ही इन जिलों में जहाँ अभी बाढ़ की स्थिति नहीं बनी है वहाँ हमारी टीमें अपने अपने इलाको मे गहन भ्रमण कर उन स्थानो को भी चिन्हित कर रही कि जो बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं, जिन्हें बाढ से ज्यादा खतास हो सकता है।

# पोखर में डूबने से बालक की मौत,क्षेत्र में फैली सनसनी

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह** समस्तीपुर-जिले के पूसा प्रखंड अंतर्गत मोरसंड के एक पोखर में शौच करने के क्रम में पैर फिसल जाने के कारण डूबने से एक 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल हो रहा है। मृतक की पहचान प्रखंड के मोरसंड पंचायत,वार्ड 10 निवासी सुरेंद्र दास के 10 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में की गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच,शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। मौके पर भाकपा माले नेता अमित कुमार ने मृतक के परिजनों को ढंढास बंधाते हुए,मृतक के परिजनों

# सवारी गाड़ी व ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर,ई-रिक्शा चालक बुरी तरह जख्मी

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर-जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के मंगलगढ़ ग्राउंड स्थित तेज रफ्तार सवारी गाड़ी बीआर 9ए 3385 जो मंगलगढ़ से दूधपुरा की ओर जा रही थी। गाड़ी का टायर फटने से अनियंत्रित होकर ई- रिक्शा में ठोक दिया। ई- रिक्शा में चार सवारी बैठे थे। जिसमें आगे बैठे सवारी एवं ड्राइवर बुरी तरह से जख्मी हो गए। ड्राइवर का सर फट गया एवं एक सवारी का गाल में छेद एवं सर फट गया। जिसे



ग्रामीणों के द्वारा रोसड़ा के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। वहीं लोकल गाड़ी होने के कारण ग्रामीणों के सहयोग से गाड़ी को घटनास्थल से अपनी गांव की ओर ले जाया गया और ई रिक्शा को वही बगल में रख दिया गया। सवारी गरीब मंगलगढ़ गांव का बताया जा रहा है। वहीं रिक्शा नया नगर पंचायत के मोहद्दीनपुर गांव का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही हसनपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई। वहीं ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि यहां पर टर्निंग होने के कारण बराबर दुर्घटना होती रहती है। यहां पर टर्निंग बोर्ड लगाया जाए।

# जिला संगठन निर्वाचन पदाधिकारी पुनीत पाठक जी के निर्देशन में जिले में चल रहे संगठन के चुनाव से संबंधित एक बैठक

**समाज जागरण नालंदा(ए. स.)**

नालंदाः आज जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय राजेंद्र आश्रम में जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार की अध्यक्षता एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त जिला संगठन निर्वाचन पदाधिकारी पुनीत पाठक जी के निर्देशन में जिले में चल रहे संगठन के चुनाव से संबंधित एक बैठक का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा की हम सभी कांग्रेसियों का यह कांग्रेस संगठन में मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार है कि हम लोग संगठन के चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बताया कि पूर्व में जो जिला निर्वाचन पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह सोलंकी आए थे उनके द्वारा सभी प्रखंडों में प्रदेश प्रतिनिधि एवं प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव संपन्न करा लिया गया था । सिर्फ जिला अध्यक्ष का चुनाव बाकी रह गया था संजोग बस वीरेंद्र सिंह सोलंकी मध्य प्रदेश से आते थे अभी वहां वर्तमान में जिला पंचायत का चुनाव चल रहा है उसी की व्यस्तता के चलते बिहार के चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी सह सांसद प्रदीप तमटा जी के द्वारा इन्हें जिला में चुनाव कराने का कार्यभार दिया गया है जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा की मई महीने में राजस्थान के उदयपुर में जो नव संकल्प शिविर का आयोजन किया गया था उसमें राहुल गांधी जी एवं श्रीमती सोनिया गांधी जी के द्वारा यह प्रस्ताव लाया गया था कि 5 साल से अधिक तक लगातार कोई पदाधिकारी नहीं रहना चाहिए।

[04/07, 17:28] Magadh Ki Awaaz: इसलिए मैं अब यह जिला अध्यक्ष का पदभार अपने नेताओं की कद्र करते हुए छोड़ना चाहता हूं साथ ही उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के द्वारा विजय प्राप्त कर आए हुए प्रखंड अध्यक्षों से एवं प्रदेश प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग इस जिले की गरिमा को बरकरार रखते हुए सर्वसम्मति से निर्विरोध जिला अध्यक्ष का चुनाव कर लें एवं आप सभी मिलकर प्रदेश अध्यक्ष से मेरे लिए प्रदेश कमेटी में भी सर्वसम्मति से जगह बनवाने का प्रयास करें जिला अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया में दिलीप कुमार के द्वारा अपने आप को जिला अध्यक्ष से हटने के नाम पर सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने दिलीप कुमार से कहा की कम से कम 2024 एवं 2025 के चुनाव तक आपको जिला अध्यक्ष रहना चाहिए ताकि हमारी कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूत होकर 2024 के लोकसभा चुनाव एवं 2025 के विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ लोकसभा एवं विधानसभा का चुनाव आपके नेतृत्व में लड़ सके सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ साथ मोर्चा संगठनों के अध्यक्षों ने कहा कि आप जिस तरह से विगत 8 वर्षों से कांग्रेस पार्टी को जिला में मजबूत करने में लगे हैं आगे भी आपका सहयोग जिला कांग्रेस नालंदा को अवश्य मिलना चाहिए जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा कि हो सकता है इस संगठन चुनाव के अवसर पर जिला अध्यक्ष के रूप में यह हमारा अंतिम बैठक इस जिला में हो सभी को कहने के बावजूद भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी पुनीत पाठक जी के सामने जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने अपने आप को जिला अध्यक्ष के दौर से बाहर करते हुए कहा कि आप लोग सर्वसम्मति से अपने जिला निर्वाचन पदाधिकारी के सामने जिला अध्यक्ष का नाम प्रस्तावित करें ताकि हमारे निर्वाचन पदाधिकारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तक इस मैसेज को पहुंचा सकें एवं नए जिला अध्यक्ष का नाम प्रस्तावित कर सकें जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार के संबोधन के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी पुनीत पाठक जी ने भी अपने आदरणीय नेताओं के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए कहा की जिला



अध्यक्ष दिलीप कुमार ने जो बातें कही हैं यह मानने योग्य बातें हैं उन्होंने कहा कि आज तक मैं पूर्व में भी कई जगह चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया हूं लेकिन कोई भी जिला अध्यक्ष अपना पद को छोड़ना नहीं चाहता है दिलीप कुमार में पार्टी के प्रति समर्पण एवं त्याग की भावना को देखते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को ही सही मायने में कांग्रेस पार्टी की आवश्यकता है साथ ही उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में भाग लेकर आए हुए प्रखंड अध्यक्षों प्रदेश प्रतिनिधियों एवं जिला प्रतिनिधियों से कहा कीआप लोग सर्वसम्मति से एक नाम का प्रस्ताव हमारे बीच रखिए ताकि मैं इस बात को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तक पहुंचा सकूं तत्पश्चात सभी प्रखंड अध्यक्षों जिला प्रतिनिधियों एवं प्रदेश प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से 2 नामों का प्रस्ताव जिला निर्वाचन पदाधिकारी के सामने रखा जिसमें प्रथम जितेंद्र प्रसाद सिंह जो वर्तमान में जिला के उपाध्यक्ष हैं उनका नाम रखा गया एवं साथ ही साथ दूसरा नाम रवि ज्योति कुमार जो राजगीर के पूर्व विधायक हैं उनका नाम का भी प्रस्ताव रखा गया राजगीर के पूर्व विधायक रवि ज्योति ने कार्यकताओं की भावनाओं का ख्याल रखते हुए अपने आप को जिला अध्यक्ष के चुनाव के दौड़ से बाहर रखते हुए उन्होंने भी जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद सिंह में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए जितेंद्र प्रताप सिंह को ही जिला अध्यक्ष बनाने की बात कह कर अपनी बात को समाप्त किया जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहर्ष रूप से स्वीकार करते हुए इसे अपने राज्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रदीप तमता जी के पास रखने की बात कही कार्यक्रम के अंत में जिला उपाध्यक्ष अमोद कुमार पाठक जीने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा की बैठक को समाप्त किया एवं जिला कांग्रेस कमेटी प्रखंड कांग्रेश जिला डेलीगेट प्रदेश डेलीगेट की बातों का समर्थन करते हुए उन्होंने भी जितेंद्र प्रसाद सिंह के पक्ष में अपना प्रस्ताव रखा।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित सभी प्रखंड अध्यक्ष प्रदेश प्रतिनिधि जिला प्रतिनिधि के अलावे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सोसल मीडिया अध्यक्ष सौरभ सिन्हा कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय समन्वयक मुंदरिका यादव नवप्रभात प्रशांत मीर अरशद हुसैन मुन्ना पांडे उस्मान गनी नंदू पासवान कोषाध्यक्ष ताराचंद मेहता संजू पांडे सौरभ कुमार महानगर अध्यक्ष महताब आलम गुड्डू के अलावा सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी जन मौजूद थे।

# नल का जल महिनों से बंद होने से लोग परेशान

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर-जिले के दलसिंहसराय प्रखंड अंतर्गत केवटा पंचायत वार्ड संख्या 02 में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल-जल योजना का पानी सप्लाई विगत पांच महीने से बंद पड़ा है। जिससे इस भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि माह दिसंबर 2021 से मार्च 2022 तक 30



रुपए प्रति माह संचालक के द्वारा वसूली की गई थी।लेकिन मार्च 22 से पानी सप्लाई बंद है। जन प्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया। लेकिन इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। वहीं वार्ड सदस्य उमेश साह ने बताया कि मोटर जल गई थी। जिसे एक सप्ताह बाद ठीक करवा दिया गया था। परंतु बिजली बिल बकाया होने के कारण सप्लाई बंद है। जबकि संचालक का कहना है जो भी राशि ग्रामीणों के द्वारा लिया गया उसे रख रखाव व बिजली बिल जमा करने पर खर्च हो गया। बिजली बिल 11000 बकाया होने के कारण सप्लाई बंद है।

